1.8 योजना के कार्यान्वयन/विस्तार की प्रगति चरण बद्ध कार्यक्रम के अनुसार नहीं हुई है जो मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों के पास वित्तीय तथा भौतिक साधन उपलब्ध न होने से आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था नहीं कर पाने के कारण है। चरण बद्ध कार्यक्रम के अनुसार योजना के शीघ्र कार्यान्वयन/विस्तार की आवश्यकता पर समय-समय पर राज्य सरकारों पर जोर दिया जाता रहा है। 19 तथा 20 जुलाई, 1980 को नई दिल्ली में हुए पिछले श्रम मन्त्रियों के सम्मेलन में भी मामले पर विचार किया गया था। सम्मेलन ने सिफारिश की थी कि राज्य सरकारों को क० रा० बी० निगम के परामर्श से तैयार किए गए चरणबद्ध कार्यक्रम के अनुसार नए क्षेत्रों/स्थापनाओं के नये वर्गों पर क० रा० बी० योजना के विस्तार के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिएं तथा विस्तार के लिए तैयार किए गए चरण बद्ध कार्यक्रम के अनुसार अधिक से अधिक कामगारों को योजना में शामिल करने के

लिए योजना के विस्तार की गति में तेजी लानी चाहिए और राज्य सरकारों को इसके लिए तथा पहले से योजना लागू होने वाले शहरों तथा कस्बों में भवन निर्माण कामगारों को योजना के अन्तर्गत शामिल करने के लिए चिकित्सा व्यवस्था के कार्य में तेजी लानी चाहिए। दिनांक 13 तथा 14 दिसम्बर, 1980 को हुई स्थायी समिति तथा क० रा० बी० निगम की बैठकों में भी मामले पर विचार किया गया था जिनमें सदस्यों ने इच्छा व्यक्त की कि क० रा० बी० योजना के अन्तर्गत व्याप्ति के विस्तार के लिए आवश्यक कार्रवाई आरम्भ करने के लिए राज्य सरकारों पर जोर दिया जाना चाहिए। उपयुक्त अनुसरण में योजना तथा श्रम मन्त्री, जो क० रा० बी० निगम के अध्यक्ष भी है, ने क० रा० बी० योजना के विस्तार के काम में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर देने के लिए राज्यों के मुख्य मन्त्रियों को स्वयं अर्ध सरकारी पत्र लिखे ताकि सामाजिक सुरक्षा का लाभ योजना के अधीन व्याप्ति के पात्र सभी व्यक्तियों को कम से कम समय में मिल सके। आशा है कि अगले वर्ष के दौरान योजना के विस्तार की गति में सुधार होगा।

भारत सरकार ने कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत पात्र कामगारों पर योजना व्याप्ति के विस्तार की प्रगति का पुनरीक्षण करने के लिए अधिकारियों की एक स्थायी समिति का भी गठन किया है जिसके श्रम मन्त्रालय के अतिरिक्त सचिव अध्यक्ष है और राज्यों/संघ राज्यों में क० रा० बी० अधिनियम से संबंधित सचिव सदस्य हैं। योजना की प्रगति की समीक्षा करने के लिए इस समिति की बैठक कम से कम एक बार प्रत्येक वर्ष फरवरी, में क० रा० बी० निगम की बैठक के तुरन्त पूर्व होती। परिवारों पर चिकित्सा देख रेख का विस्तार ।

1.9 कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बंगाल राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्र चण्डीगढ़ के कुछ क्षेत्रों में 34 नये कार्यान्वित क्षेत्रों में लगभग 59,500 अतिरिक्त परिवार ( बीमाकृत व्यक्ति ) एककों, यानी लगभग 2,30,860 अतिरिक्त लाभाधिकारियों पर चिकित्सा देख-रेख का विस्तार किया गया। इस के ब्यौरे परिशिष्ट-1 के भाग-क में दिये गये है। वर्ष के अन्त में चिकित्सा देख-रेख के लिये योजना के अन्तर्गत आये परिवार ( बीमाकृत व्यक्ति ) एककों की कुल संख्या लगभग 71,61,800 यानी बीमाकृत व्यक्तियों तथा उनके परिवारों और स्थापनाओं के नये वर्गों के अन्तर्गत आये व्यक्तियों सहित लगभग 2,77,87,800 थी।

2. अस्पताल में भर्ती

(i) चालू किये गये क० रा० बी० अस्पताल तथा अनैक्सियां :

(i) वर्ष के दौरान तीन और क० रा० बी० अस्पताल चालू किये गये जिनमें से एक 650 बिस्तर वाला अस्पताल 19-8-1981 से कांदीवली ( महाराष्ट्र) में, एक 50 बिस्तर वाला अस्पताल वेल्लोर (तमिलनाडु) में तथा एक 150 बिस्तर वाला अस्पताल 31-1-81 से कल्याणी आसनसोल (पश्चिमी बंगाल) में चालू किया गया । इसके अलावा वर्ष के दौरान 2 अनैक्सियां, 24 बिस्तर वाली एक गोरखपुर ( उत्तर प्रदेश) में तथा 16 बिस्तर वाली दूसरी राजनगपुर (उड़ीसा) में भी चालू की गई।

इन संस्थानों में बनाए गए बिस्तरों की संख्या निम्न प्रकार है :—

| परियोजना का स्वरूप | परियोजनाओं की संख्या | बनाए गए बिस्तरों की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | सामान्य | क्षय रोग |
| अस्पताल . . | 70 | 13,482 | 1,470 |
| अनैक्सियां . | 35 | 404 | 306 |
| जोड़ . . | | 13,886 | + 1,776 |
| | | | = 15,662 |

इन अस्पतालों तथा अनैक्सियों के ब्यौरे परिशिष्ट-2 में दिये गये हैं :—

(ii) निर्माणाधीन क० रा० बी० अस्पताल तथा अनैक्सियां :

31-3-1981 को निम्नलिखित क० रा० बी० अस्पताल तथा अनैक्सियां निर्माणाधीन थी :—

| क्रम संख्या | स्थान तथा राज्य | बिस्तरों की संख्या | | अभ्युक्तियां |
|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | क्षय रोग | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| अस्पताल | | | | |
| 1. | राजाहमुन्दरी (आन्ध्र प्रदेश) . . | 50 | — | |
| 2. | गौहाटी ( असम ) . | 50 | — | |
| 3. | आदित्यपुर ( बिहार ) . | 50 | — | |
| 4. | फुलवारी शरीफ, पटना (बिहार) . . | 50 | — | |
| 5. | बड़ौदा ( गुजरात ) . | 200 | — | |
| 6. | सूरत ( गुजरात ) . | 150 | — | |
| 7. | कलोल ( गुजरात ) . | 50 | — | |
| 8. | राजकोट ( गुजरात ) . | 50 | — | |
| 9. | मैसूर ( कर्नाटक ) . | 100 | — | |
| 10. | इन्दिरा नगर, बंगलौर ( कर्नाटक . | 300 | — | |
| 11 | थाने, बम्बई ( महाराष्ट्र) | 632 | — | |
| 12. | शोलापुर ( महाराष्ट्र ) | 120 | — | |
| 13. | कोटा ( राजस्थान) | 60 | — | |
| 14 | नैनी ( इलाहाबाद) (उत्तर प्रदेश ) . . | 100 | — | |
| 15. | आगरा ( उत्तर प्रदेश ) | 100 | — | |
| 16. | गाजियाबाद ( उत्तर प्रदेश) | 100 | — | |
| 17. | लखनऊ (उत्तर प्रदेश ) . | 100 | — | |
| 18. | सहारनपुर ( उत्तर प्रदेश) | 50 | — | |
| 19. | बण्डेल ( पश्चिमी बंगाल) | — | 250 | |
| | जोड़ | 2,252 | + 250 | = 2,502 |
| | बंगलौर ( कर्नाटक ) ( मौजूदा अस्पताल में निर्माणाधीन बिस्तर ) | 40 | — | |
| | पांडु नगर, कानपुर (उत्तर-प्रदेश ) . ( मौजूदा अस्पताल में निर्माणाधीन बिस्तर) | 100 | — | |
| | जोड़ . | 2,392 | + 250 | = 2,642 |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| अनैक्सियां। | | | | |
| 1. | तिनसुखिया ( असम ) . | 20 | -- | |
| 2. | पिंजोर ( हरियाणा ) . | 12 | -- | |
| 3. | गुलबर्गा ( कर्नाटक ) . | 20 | -- | |
| 4. | रोबर्ट-सोनपेट, के० जी० एफ० ( कर्नाटक ) . | 32 | -- | |
| 5. | सीतापुर ( उत्तर प्रदेश) | 24 | -- | |
| 6. | उन्नाव (उत्तर प्रदेश) . | 12 | -- | |
| 7 | इटावा ( उत्तर प्रदेश) . | 12 | -- | |
| | जोड़ . | 132 | -- | |

(iii) मंजूर किए गए अस्पताल तथा अनैक्सियां :

निम्नलिखित अस्पतालों तथा अनैक्सियों के नक्शे तथा प्राक्कलन मंजूर हो चुके है लेकिन निर्माण कार्य अभी तक शुरु नही हुआ है :—

| क्र० सं० | स्थान तथा राज्य | बिस्तरों की संख्या | |
|---|---|---|---|
| अस्पताल | | सामान्य | क्षय रोग |
| 1. | रांची ( बिहार ) . . . | 50 | -- |
| 2 | थोट्टाडा ( केरल ) . . | 50 | -- |
| 3. | फेरोक ( केरल ) . . . | 100 | -- |
| 4. | वाराणसी ( उत्तर प्रदेश ) . . | 50 | -- |
| 5. | ठाकुर-पुकुर ( पश्चिमी बंगाल) . | 250 | -- |
| | जोड़ . . | 500 | -- |
| अनैक्सियां | | | |
| 1. | कोईल्वेर ( बिहार ) . . | -- | 20 |

(iv) सिद्धान्त रूप में मान लिये गये अस्पताल :

निम्नलिखित क० रा० बी० अस्पतालों का निर्माण सिद्धान्त रूप में मान लिया गया है। कुछ मामलों में भूमि का अर्जन/क्रय भी कर लिया गया है।

| क्र० संख्या | स्थान तथा राज्य | बिस्तरों की संख्या | अभ्युक्तियां |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | क० रा० बी० अस्पताल, हैदराबाद ( आन्ध्र प्रदेश ) | 200 | |
| 2 | 2. क० रा० बी० अस्पताल, बिहारशरीफ ( बिहार ) . . . | 50 | |
| 3. | क० रा० बी० अस्पताल, सिमाल-तल्ला ( बिहार ) | 50 | |
| 4. | क० रा० बी० अस्पताल, शिलमिल, दिल्ली | 200 | भूमि खरीदी जा चुकी है । |
| 5 | क० रा० बी० अस्पताल, दक्षिणी दिल्ली | 200 | |
| 6. | क० रा० बी० अस्पताल (क्षय रोग) दिल्ली | 150 | |
| 7. | क० रा० बी० अस्पताल, भावनगर, (गुजरात ) | 50 | भूमि खरीदी जा चुकी है । |
| 8. | क० रा० बी० अस्पताल, नादियाड, (गुजरात ) | 50 | |
| 9. | क० रा० बी० अस्पताल, पोरबन्दर (गुजरात ) | 50 | |
| 10. | क० रा० बी० अस्पताल, जामनगर (गुजरात ) | 50 | |
| 11. | क० रा० बी० अस्पताल, पेटलाद (गुजरात ) | 50 | |
| 12. | क० रा० बी० अस्पताल, अहमदाबाद (गुजरात ) | 500 | |
| 13. | क० रा० बी० अस्पताल, वापी (गुजरात ) | 50 | |
| 14. | क० रा० बी० अस्पताल, कैम्बे (गुजरात ) | 50 | |
| 15. | क० रा० बी० अस्पताल, बल्लभगढ़ (हरियाणा ) | 100 | भूमि खरीदी जा चुकी है । |
| 16. | क० रा० बी० अस्पताल, बहादुरगढ़ ( हरियाणा ) | 50 | |
| 17. | क० रा० बी० अस्पताल, गुड़गांव ( हरियाणा ) | 50 | |
| 18. | क० रा० बी० अपस्तपाल, भिवानी (हरियाणा ) | 50 | |
| 19. | क० रा० बी० अस्पताल, दावगेरे ( कर्नाटक ) | 50 | भूमि खरीदी जा चुकी है । |
| 20 | क० रा० बी० अस्पताल, हुबली (कर्नाटक ) | 50 | भूमि खरीदी जा चुकी है । |
| 21. | क० रा० बी० अस्पताल, बेलगाव (कर्नाटक ) | 50 | |
| 22. | क० रा० बी० अस्पताल, पालघाट केरल) | 50 | |
| 23. | क० रा० बी० अस्पताल, भोपाल (मध्य प्रदेश ) | 50 | |
| 24. | क० रा० बी० अस्पताल, जबलपुर ( मध्य प्रदेश ) | 50 | |
| 25 | क० रा० बी० अस्पताल, नागदा ( मध्य प्रदेश ) | 50 | |
| 26. | क० रा० बी० अस्पताल, औरंगाबाद ( महाराष्ट्र ) | 50 | भूमि खरीदी जा चुकी है। |
| 27. | क० रा० बी० अस्पताल, नासिक (महाराष्ट्र ) | 100 | भूमि खरीदी जा चुकी है । |
| 28. | क० रा० बी० अस्पताल, विवेकवी, पूना ( महाराष्ट्र ) | 100 | भूमि खरीदी जा चुकी है। |
| 29. | क० रा० बी० अस्पताल, चिंचवाद, पूना ( महाराष्ट्र ) | 100 | भूमि खरीदी जा चुकी है। |
| 30. | क० रा० बी० अस्पताल, कोल्हापुर ( महाराष्ट्र ) | 100 | |
| 31. | क० रा० बी० अस्पताल, राउरकेला, (उड़ीसा ) | 25 | |
| 32. | क० रा० बी० अस्पताल, मंडीगोविंद-गढ़ ( पंजाब ) | 50 | भूमि खरीदी जा चुकी है । |
| 33 | क० रा० बी० अस्पताल, फगवाड़ा ( पंजाब ) | 50 | |
| 34. | क० रा० बी० अस्पताल, ( क्षय रोग ) लुधियाना ( पंजाब ) | 100 | |
| 35. | क० रा० बी० अस्पताल, मोहाली ( पंजाब ) | 25 | |
| 36. | क० रा० बी० अस्पताल, राजपुरा ( पंजाब ) | 25 | |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 37. | क० रा० बी० अस्पताल, पाली (राजस्थान) | 50 | |
| 38. | क० रा० बी० अस्पताल, जोधपुर (राजस्थान) | 50 | |
| 39. | क० रा० बी० अस्पताल, सेलम (तमिलनाडु) | 50 | |
| 40 | क० रा० बी० अस्पताल, बरेली (उत्तर प्रदेश) | 50 | भूमि खरीदी जा चुकी है। |
| 41. | क० रा० बी० अस्पताल, पिपरी (उत्तर प्रदेश) | 50 | भूमि खरीदी जा चुकी है। |
| 42. | क० रा० बी० अस्पताल, जाजमऊ (उत्तर प्रदेश) | 100 | भूमि खरीदी जा चुकी है। |
| 43. | क० रा० बी० अस्पताल, किदवई-नगर कानपुर (उ० प्र०) | 100 | भूमि खरीदी जा चुकी है। |
| 44 | क० रा० बी० अस्पताल, अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) | 50 | |
| 45. | क० रा० बी० अस्पताल, हरिद्वार (उत्तर प्रदेश) | 50 | |
| 46. | क० रा० बी० अस्पताल, नोएडा (उत्तर प्रदेश) | 200 | |
| 47. | क० रा० बी० अस्पताल, दुर्गापुर (पश्चिमी बंगाल) | 100 | भूमि खरीदी जा चुकी है। |
| 48 | क० रा० बी० अस्पताल, श्यामनगर (पश्चिमी बंगाल) | 250 | भूमि खरीदी जा चुकी है। |
| 49. | क० रा० बी० अस्पताल, गार्डन रीच (पश्चिमी बंगाल) | 100 | |
| | जोड़ | 4,225 | |
| | मौजूदा क० रा० बी० अस्पताल, जयपुर (राजस्थान) में | 111 | |
| | कुल जोड़ : | 4,336 | |

(v) वर्ष के अन्त तक देश भर में 210 क० रा० बी० औषधालय तथा 2 प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय निगम के अपने भवनों में चल रहे थे। 48 औषधालय तथा (प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारी के एक कार्यालय सहित) निर्माणाधीन थे तथा 8 क० रा० बी० औषधालयों की मंजूरी का अनुमान लगाया गया है और निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है।

(vi) 31-3-1981 की स्थिति के अनुसार क० रा० बी० योजना के पूंजीगत निर्माण कार्य के लिये मंजूर की गई राशि निम्न प्रकार है :—

| परियोजनाओं का वर्ग | 31-3-1980 की स्थिति के अनुसार मंजूर की गई राशि | 31-3-1981 की स्थिति के अनुसार मंजूर की गई राशि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| | (लाख रुपयों में) | (लाख रुपयों में) |
| (क) अस्पताल/अनैक्सिया/औषधालय/उपस्कर तथा स्टाफ क्वार्टर आदि | 8,451.14 | 9,079.91 |
| (ख) महाराष्ट्र सरकार को ऋण | 362.15 | 362.15 |
| (ग) सहायता अनुदान (एम० जी० एम० अस्पताल, बम्बई) | 100.00 | 100.00 |
| (घ) निगम के कार्यालय भवन तथा स्टाफ क्वार्टर | 799.15 | 821.39 |
| जोड़ | 9,712.44 | 10,363.45 |

3 कर्मचारियों के परिवारों को चिकित्सा देख-रेख का स्वरूप परिवार (कर्मचारी) एकको को प्रदान की गई चिकित्सा देख-रेख के स्वरूप के संबंध में राज्यवार स्थिति परिशिष्ट-3 में दी गई है।

समितियां आयोग तथा सम्मेलन

4. निगम

क० रा० बी० निगम की 13 दिसम्बर, 1980, 14 दिसम्बर, 1980, तथा 7 फरवरी, 1981 को तीन बैठकें हुई। इन बैठकों में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय परिशिष्ट-4 में दिए गए हैं।

5. स्थायी समिति

क० रा० बी० निगम की स्थायी समिति की 11 जुलाई, 1980, 28 अगस्त, 1980, 14 दिसम्बर, 1980 तथा 6 फरवरी, 1981 को चार बैठकें हुई। इन बैठकों में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय परिशिष्ट-5 में दिए गए है।

6. चिकित्सा हितलाभ परिषद

चिकित्सा हितलाभ परिषद की 5-10-1980 को एक बैठक हुई। परिषद की महत्वपूर्ण सिफारिशें परिशिष्ट-6 में दी गई है।

7 क्षेत्रीय बोर्ड

वर्ष के अन्त में 18 क्षेत्रीय बोर्ड मौजूद थे। वर्ष के दौरान आयोजित की गई विभिन्न क्षेत्रीय बोर्डों की बैठकों की संख्या नीचे दी गई है :—

| क्षेत्रीय बोर्ड का नाम | बैठकों की संख्या | बैठक की तारीख |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. आन्ध्र प्रदेश | — | — |
| 2. असम | 1 | 18-2-81 |
| 3. बिहार | 1 | 4-2-81 |
| 4. दिल्ली | — | — |
| 5. गुजरात | — | — |
| 6. हरियाणा | 1 | 1-10-80 |
| 7 कर्नाटक | 4 | 28-4-80<br>2-6-80<br>20-9-80<br>तथा<br>13-2-82 |
| 8. केरल | 2 | 24-7-80<br>तथा<br>12-12-80 |

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 9. मध्य प्रदेश . . | 1 | 26-3-81 |
| 10. महाराष्ट्र . . | 1 | 22-8-80 |
| 11. उड़ीसा . . . | 1 | 15-1-81 |
| 12 पंजाब . . . | 1 | 8-9-80 |
| 13. पांडिचेरी . . | 1 | 5-1-81 |
| 14. राजस्थान . . | — | — |
| 15. तमिलनाडु . . | 2 | 27-8-80 तथा 17-12-80 |
| 16 उत्तर प्रदेश . . | 2 | 31-7-80 तथा 6-1-81 |
| 17. पश्चिमी बंगाल . . | — | — |
| 18. गोवा, दमन तथा दीव . | — | — |

8 स्थानीय समितियां

कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम 10-क के अधीन वर्ष के अन्त तक 207 स्थानीय समितियों का गठन हो गया था।

9. चिकित्सा सेवा और विनिधान समितियां

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान चिकित्सा सेवा समिति तथा विनिधान समिति द्वारा किये गये कार्य के ब्यौरे निम्न प्रकार हैं:—

| क्र० सं० | राज्य का नाम | बैठकों की संख्या | सूची में शामिल किये गये मामलों की संख्या | बकाया मामलों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | गुजरात . . | 8 | 0 | 0 |
| 2 | बृहत्तर बम्बई . . | 0 | 217 | 217 |
| 3. | पूना (पश्चिमी महाराष्ट्र) | 8 | 13 | 11 |
| 4. | पंजाब . . | — | 58 | 0 |
| 5. | पश्चिमी बंगाल . | 0 | 0 | 0 |

10. सामान्य प्रयोजन उप-समिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कर्मचारी राज्य बीमा निगम की सामान्य प्रयोजन-उप-समिति ने 21-4-1980 से 25-4-1980 तक बिहार 4-8-1980 से 9-8-1980 तक तमिलनाडु 21-2-1981 से 23-2-1981 तक हरियाणा 24-2-1981 से 26-2-1981 तक पंजाब तथा 27-2-1981 से 28-2-1981 तक संघ राज्य क्षेत्र चण्डीगढ़ का दौरा किया और इन राज्यों संघ राज्य क्षेत्र में चालू विभिन्न कर्मचारी राज्य बीमा संस्थानों का निरीक्षण किया।

11. कर्मचारी राज्य बीमा योजना के कार्यचालन का पुनरीक्षण करने के लिये समिति

भारत सरकार ने राष्ट्रीय मिल मजदूर संघ, बम्बई के प्रैसीडैन्ट श्री वी० आर० होशिंग की अध्यक्षता में चिकित्सा तथा अन्य हितलाभों के प्रशासन की ओर विशेष ध्यान देते हुए कर्मचारी राज्य बीमा योजना के कार्यचालन का पुनरीक्षण करने तथा इनमें सुधार लाने की सिफारिश करने के लिये एक समिति का गठन किया है। समिति से क० रा० बी० योजना को देय बकाया अंशदानों की स्थिति का पुनरीक्षण करने और इनकी वसूली के उपाय सुझाने तथा भविष्य में ऐसे बकायों के इकट्ठा होने से बचने के सुझाव देने का भी निवेदन किया गया है।

**प्रशासन**

12 क्षेत्रीय संगठन

31 मार्च, 1981 की स्थिति के अनुसार सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में कुल मिलाकर 15 क्षेत्रीय कार्यालय, 2 उपक्षेत्रीय कार्यालय, 372 स्थानीय कार्यालय, 99 लघु स्थानीय कार्यालय 1 उप-स्थानीय कार्यालय और 235 भुगतान कार्यालय कार्य कर रहे थे।

13. कर्मचारियों की संख्या

31 मार्च, 1981 को निगम में अधिकारियों की कुल प्राधिकृत संख्या (निदेशालय) चिकित्सा (दिल्ली/कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय/कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल दिल्ली को छोड़कर) 10,675 थी जबकि 31 मार्च, 1980 को यह संख्या 10334 थी। 31 मार्च, 1981 को मुख्यालय तथा विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए प्राधिकृत कर्मचारियों की संख्या परिशिष्ट-7 (भाग-1) में दिखाई गई है। निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली तथा कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल/कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय, दिल्ली के कार्यालयों के लिए प्राधिकृत कर्मचारियों की संख्या परिशिष्ट-7 के भाग-2 में दिखाई गई है।

14. कर्मचारियों का स्थायीकरण

वर्ग "क" तथा "ख" पदों पर अधिकारियों को स्थायी करने की कार्रवाई संघ लोक आयोग के परामर्श से की गई है। अधिकांश क्षेत्रों/कार्यालयों में स्थायी रूप से मंजूर पदों पर वर्ग "ग" तथा "घ" के कर्मचारियों को स्थायी कर दिया गया है। बाकी कार्यालयों में कर्मचारियों को स्थायी करने की कार्रवाई की जा रही है।

15. कर्मचारियों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों का प्रतिनिधित्व

सीधी भर्ती या पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले विभिन्न श्रेणियों के पदों की भर्ती में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए ऐसा आरक्षण किया जाता है जो केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के आधार पर समय-समय पर निर्धारित किया जाये। कर्मचारियों की कुल संख्या तथा उनमें अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों की संख्या, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सदस्यों से सीधी भर्ती से भिन्न भरी गई आरक्षित रिक्तियों की संख्या तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के सदस्यों से सीधी भर्ती द्वारा भरी गई रिक्तियों की संख्या से संबंधित सूचना क्रमशः परिशिष्ट 8 के भाग 1, 2 तथा 3 में दी गई है।

16 कर्मचारी राज्य बीमा निगम के कर्मचारियों के लिये अवकाश गृह

निगम कर्मचारियों तथा उनके अपने परिवारों को स्वास्थ्यवर्धक स्थानों पर तथा स्वस्थ वातावरण में छुट्टी बिताने की सुविधा देने की दृष्टि से निम्नलिखित स्थानों में से प्रत्येक पर एक-एक के हिसाब से चार अवकाश गृहों की स्थापना करने का निर्णय किया गया था:—

1. उत्तरी जोन —शिमला
2. पूर्वी जोन —पुरी
3. पश्चिमी जोन —पणजी
4. दक्षिणी जोन —ऊटकमण्ड

उपर्युक्त 4 अवकाश गृहों में से शिमला तथा पुरी में अवकाश गृह चालू हो गये हैं।

17. कर्मचारी राज्य बीमा निगम में हिन्दी का उत्तरोत्तर प्रयोग

निगम के कार्यालय में हिन्दी के उत्तरोत्तर प्रयोग केलिए समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निम्नलिखित कार्रवाई की गई :—

1 मुख्यालय में तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में हिन्दी के उत्तरोत्तर प्रयोग की देखभाल मुख्यालय के हिन्दी अनुभाग द्वारा की जा रही है।

2 सभी हिन्दी तथा अहिन्दी भाषी राज्यों में राजभाषा कार्यान्वयन समितियां पहले से ही कार्य कर रही हैं और हिन्दी कार्य की प्रगति का पुनरीक्षण करने तथा समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी किये गये अनुदेशों के कार्यान्वयन के लिये इन समितियों की नियमित बैठकें की जा रही हैं।

3. विशेषकर हिन्दी भाषी राज्यों में काफी मात्रा में पत्र व्यवहार हिन्दी में किया जा रहा है तथा हिन्दी में प्राप्त अपीलों, अभिवेदनों आदि का उत्तर हिन्दी में दिया जाता है।

4. सभी हिन्दी भाषी राज्यों में हिन्दी टाइपराइटरों की आवश्यक व्यवस्था कर दी गई है। आवश्यकताओं का समय-समय पर पुनरीक्षण किया जाता है तथा अतिरिक्त हिन्दी टाइपराइटरों की आवश्यकता होने पर कार्यालयों में इनकी व्यवस्था की जाती है। अहिन्दी भाषी राज्यों में स्थित प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय के लिये भी कम से कम एक हिन्दी टाइपराइटर की व्यवस्था कर दी गई है।

5. अधिकांश फार्म द्विभाषी रूप में छपवा लिये गये हैं। नियमों तथा नियम पुस्तकों आदि के अनुवाद के प्रबंध किये जा रहे हैं। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (कर्मचारिवृन्द तथा सेवा की शर्तें) विनियम, 1959 को द्विभाषी रूप में छपवा लिया गया है तथा निगम के मुख्य तथा लघु लेखा शीर्षों की सूची द्विभाषी रूप में छपवाई जा रही है। कर्मचारी राज्य बीमा नियम पैंगन तथा स्थानीय कार्यालय नियम पुस्तकों का अनुवाद भी किया जा चुका है।

6. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 31 हिन्दी कार्यशालाओं, यानी मुख्यालय में छह, निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली, क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर, जयपुर तथा अहमदाबाद में तीन-तीन, क्षेत्रीय कार्यालय, चण्डीगढ़ में पांच, क्षेत्रीय कार्यालय, इन्दौर में सात तथा क्षेत्रीय कार्यालय, बम्बई में 1 कार्यशाला का आयोजन किया गया। अब तक कुल मिलाकर 95 कार्यशालाएं चलाई गई है। जिनमें लगभग 1600 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अधिक हिन्दी कार्यशालाओं के आयोजन के प्रयास किये जा रहे है। अहिन्दी भाषी राज्यों में स्थित कार्यालयों को भी, यदि वे चाहें तो हिन्दी भाषी क्षेत्रों में आयोजित कार्यशालाओं के आधार पर हिन्दी कार्यशालायें चलाने की अनुमति दे दी गई है।

7. विभिन्न कार्यालयों में हिन्दी के कार्य के लिये आवश्यक स्टाफ की व्यवस्था कर दी गई है।

8. इस विभाग की खुली तथा सीमित (विभागीय) भर्ती परीक्षाओं में निम्न श्रेणी लिपिकों की भर्ती परीक्षा तथा निम्न श्रेणी लिपिक से उच्च श्रेणी लिपिक की पदोन्नति परीक्षाओं के लिये प्रश्न-पत्रों को (अंग्रेजी के प्रश्न पत्र को छोड़कर) द्विभाषी रूप में छपवाने की व्यवस्था कर दी गई है। उम्मीदवारों के प्रश्नों के उत्तर अंग्रेजी में या हिन्दी में देने का विकल्प है। बीमा निरीक्षकों के पदों पर भर्ती के लिये गणित के प्रश्न-पत्र में हिन्दी के वैकल्पिक प्रयोग की अनुमति दे दी गई है। यह प्रश्न-पत्र भी द्विभाषी रूप में छपवाया जाता है। बीमा निरीक्षकों के पद पर भर्ती के लिये सामान्य ज्ञान के प्रश्न-पत्र के लिये भी अगली परीक्षा से हिन्दी के वैकल्पिक प्रयोग की अनुमति देने का निर्णय किया गया है।

9 अब तक निगम के ग्यारह कार्यालय राजभाषा नियम, 1976 के नियम 10 (4) के अन्तर्गत अधिसूचित किये जा चुके हैं जिसका अभिप्राय है कि इन कार्यालयों के 80 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है।

10 हिन्दी भाषी राज्यों में स्थित निगम कार्यालयों के साथ हिन्दी में मूल पत्राचार में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है।

11. निगम के सांख्यिकीय सार, वार्षिक रिपोर्ट, अधिसूचनायें, बजट तथा वार्षिक लेखे और टेंडर नोटिस द्विभाषी रूप में छपवाये/जारी किये जा रहे हैं। करार, लाइसेंस, परमिट आदि भी द्विभाषी रूप में जारी करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

12. लगभग सभी रबड़ की मोहरें द्विभाषी रूप में अथवा हिन्दी तथा अंग्रेजी में अलग-अलग बनवा ली गई हैं।

13. राजभाषा नियमों के उपबंधों को कार्यान्वित करने के उद्देश्य से विभिन्न स्तरों पर चैक-प्वाइंट निर्धारित किये जाते हैं। सामान्य आदेश अंग्रेजी तथा हिन्दी दोनों भाषाओं में जारी करने की व्यवस्था कर दी गई है।

14. मुख्यालय में तथा हिन्दी भाषी राज्यों में स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों में सेवा पुस्तकों में प्रविष्टियां हिन्दी में की जा रही हैं।

15. हिन्दी भाषी क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों आदि को भेजे जाने वाले लिफाफों पर पते हिन्दी में लिखे जा रहे हैं।

16 निम्न श्रेणी लिपिक/उच्च श्रेणी लिपिक/उच्च श्रेणी लिपिक खजांचियों के प्रशिक्षण के लिये निगम के प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में भारत सरकार की राजभाषा नीति से संबंधित एक व्याख्यान दिया जाता है।

18 संगठन एवं पद्धति अध्ययन

रिपोर्ट से संबंधित अवधि के दौरान निगम के संगठन एवं पद्धति प्रभाग ने निगम कार्यालयों में प्रयोग के लिये अपनी "सामान्य कार्यालय पद्धति" नामक "नियम पुस्तिका" तैयार की। गृह व्यवस्था कार्यों तथा मूल कार्यों के लिये एक "अभिलेख प्रतिधारण अनुसूची" भी तैयार की गई और निगम कार्यालयों में प्रयोग के लिये परिचालित की गई। विभिन्न प्रकार की रिपोर्टों और विवरणियों के मानकीकरण की दृष्टि से स्थानीय कार्यालयों से क्षेत्रीय कार्यालयों और क्षेत्रीय कार्यालयों से मुख्यालय को भेजी जाने वाली रिपोर्टों तथा विवरणियों की जांच की। संगठन एवं पद्धति प्रभाग ने निगम कार्यालयों में प्रयोग में आने वाले एकसमीरोज के फार्मों की यार्डस्टिक का पुनरीक्षण किया।

"सांख्यिकीय आंकड़ों के समेकन तथा रख-रखाव के संत्र को सुदृढ़ करने तथा "दीर्घकालीन हितलाभों से संबंधित आंकड़ों के यंत्रीकरण" से संबंधित कार्य पिछले वर्ष शुरू किया गया था। इससे संबंधित कार्य पूरा कर के रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

इस प्रभाग की सिफारिशों पर निगम के सभी क्षेत्रों में अंशदान टिकटों के स्थान पर अंशदान की नकद अदायगी लागू की गई। इसके बाद इस प्रणाली के अन्तर्गत परिशोधित मानक तथा मानदण्ड निर्धारित करने के लिए नकद अंशदान की प्रणाली का व्यापक अध्ययन किया गया। इसके अलावा अंशदान कार्ड समाप्त करने के लिये एक अन्य महत्वपूर्ण अध्ययन किया गया और अन्तिम रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

बीमांकन शाखा की तिमाही रिपोर्ट को नया रूप दिया गया।

संगठन एवं पद्धति प्रभाग ने ऐसे क्षेत्रों में स्टाफ के लिए भारतीय फार्मूला के पुनरीक्षण की दृष्टि से क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली की राजस्व वसूली शाखाओं का अध्ययन किया जिनमें धारा 1 (5) के अन्तर्गत आने कर्मचारियों के अनुपात में नियोजकों की संख्या अधिक है और कर्मचारियों की कम।

स्थानीय कार्यालयों में मनीआर्डर प्रणाली के अन्तर्गत निम्न श्रेणी लिपिकों/उच्च श्रेणी लिपिकों तथा उच्च श्रेणी लिपिक खजांची के मानक भी बनाये गये।

क्षेत्रीय कार्यालय की राजस्व वसूली शाखाओं में अभिलेख रखने के बारे में कार्यकारी ग्रुप की सिफारिशों के आधार पर अतिरिक्त कार्य-भार के प्रमाणन के लिये कार्य अध्ययन भी किया गया।

19. सुझाव पुरस्कार योजना

सुझाव पुरस्कार योजना के अधीन सुझावों की संवीक्षा करने के लिये बनाई गई केन्द्रीय समिति ने प्रयोजकों से प्राप्त विभिन्न सुझावों पर विचार किया तथा निम्नलिखित मामलों में प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये :—

(1) श्री जे० राजारेथिनम, निम्न श्रेणी लिपिक, स्थानीय कार्यालय, पालकारिया हेम रोड, तमिलनाडु को बीमाकृत व्यक्तियों से संबंधित विभिन्न रिकार्ड स्थानीय कार्यालयों/क्षेत्रीय कार्यालयों को अन्तरित करने की सुविधा की दृष्टि से स्थानीय कार्यालयों/क० रा० बी० औषधालयों/बीमा चिकित्सा व्यावसायियों आदि के पते संकलित करने से संबंधित सुझाव पर प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।

(2) श्री के० गोविन्दा, प्रधान लिपिक स्थानीय कार्यालय, शिवाजीनगर, पूना को बीमाकृत व्यक्तियों द्वारा स्थानीय कार्यालय बदलने तथा मुद्रित दस्तावेजों पर विभिन्न प्रकार के परिवर्तन करने के संबंध में स्थानीय कार्यालय नियम पुस्तक के पैरा 1.84 (1) में संशोधन के प्रस्ताव के सुझाव पर प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया।

(3) श्री जी० रामा राव, उच्च श्रेणी लिपिक स्थानीय कार्यालय, कान्डिविली, बम्बई को विनियम 13 के अंतर्गत अंशदान, कार्ड (फार्म 2) के कालम "में टिकटों" के स्थान पर "अंशदान" शब्द जोड़ने के सुझाव पर प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।

(4) श्री तिलक चन्द्र दास, उच्च श्रेणी लिपिक क्षेत्रीय कार्यालय गोहाटी को अन्य नजदीकी क्षेत्रों, यानी नागालैण्ड, मेघालय, मणीपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश आदि में योजना के विस्तार को ध्यान में रखते हुए असम क्षेत्र के संबंध में बीमा संख्याओं के ब्लाक के आबंटन के लिये कार्यविधि अपनाने के सुझाव पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

20. अधिकारियों तथा कर्मचारियों का प्रशिक्षण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान तथा नई दिल्ली, कलकत्ता, बम्बई और बंगलौर में स्थापित किये गये चार जोनल प्रशिक्षण संस्थानों ने निगम के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिये नियमित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चलाये। केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान ने स्थानीय कार्यालय प्रबन्धकों तथा बीमा निरीक्षकों के लिये बम्बई, बंगलौर, कलकत्ता, चण्डीगढ़ तथा हैदराबाद में 7 अभिविन्यास (ओरियन्टेशन) प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का आयोजन किया जिनमें 135 अधिकारियों ने भाग लिया। इन पाठ्यक्रमों में प्रायः 4 या 5 नजदीकी क्षेत्रों के फील्ड अधिकारी भाग लेते हैं और इनमें भाग लेने वाले अधिकारियों के ज्ञान को अद्यतन करने के अलावा स्वतन्त्र विचार विमर्श तथा समस्या समाधान सत्रों के आधार की व्यवस्था की गई।

सितम्बर, 1980 में निगम के मध्य प्रबन्ध स्तर के अधिकारियों के लिये नई दिल्ली में एक "सेवाकालीन" अभिविन्यास प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 21 उप क्षेत्रीय निदेशकों/लेखा अधिकारियों/सहायक क्षेत्रीय निदेशकों/अनुभाग अधिकारियों आदि ने भाग लिया। इसमें कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत कार्यविधियों तथा संबंधित समस्याओं पर विचार करने के अलावा अधिकारियों को कुछ आधुनिक प्रबन्ध तकनीकों तथा सतर्कता पद्धति पर भी व्याख्यान दिये गये।

सितम्बर, 1980 फरवरी, तथा मार्च, 1981 में इन्दौर तथा नई दिल्ली में बीमा चिकित्सा अधिकारियों के लिए 3 सेवाकालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किये गये जिनमें 60 बीमा चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया।

निम्न श्रेणी लिपिकों/उच्च श्रेणी लिपिकों/खजांचियों/प्रभारी उच्च श्रेणी लिपिकों/प्रधान लिपिकों के लिये विभिन्न केन्द्रों पर 38 "सेवाकालीन" प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किये गये जिनमें 697 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। निम्न श्रेणी लिपिकों के लिये जोनल प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा 13 "प्रारम्भिक" प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किये गये जिनमें 298 कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके अलावा 9 विशेष संक्षिप्त "प्रारम्भिक" प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किये गये जिनमें 190 नये भर्ती किये गये। निम्न श्रेणी लिपिकों ने भाग लिया।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान कुल मिलाकर निगम के 1341 अधिकारियों तथा कर्मचारियों और 60 बीमा चिकित्सा अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

मलेशिया सरकार के सामाजिक सुरक्षा संगठन के 6 अधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने दिनांक 24-10-80 से 24-11-80 तक क० रा० बी० योजना में प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसमें विशेष रूप से बीमारी हितलाभ, प्रसूति हितलाभ तथा चिकित्सा हितलाभ पर जोर दिया गया।

अंशदानों की नकद अदायगी प्रणाली प्रारम्भ करने के कारण रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान जोनल प्रशिक्षण अधिकारी ने नियोजकों के प्रतिनिधियों के लाभ के लिये कर्नाटक क्षेत्र में मंगलौर में एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र की व्यवस्था की जिसमें 41 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

नागलोई औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली के उद्यमियों की प्रार्थना पर उनके लिये भी एक दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 26 नियोजकों ने भाग लिया।

इसके अलावा केन्द्रीय श्रम संस्थान बम्बई द्वारा दिसम्बर, 1980 मास में आयोजित "संगठन तथा प्रशासन प्रशिक्षण" पर निगम के 3 अधिकारियों ने पाक्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

21. प्रचार

प्रैस, रेडियो तथा टेलिविजन के माध्यम से योजना का प्रचार किया गया और योजना की प्रगति तथा उपलब्धियों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। आकाशवाणी के विभिन्न स्टेशनों से योजना पर वार्ताएं प्रसारित की गई। विभिन्न केन्द्रों पर निगम के अधिकारियों ने कामगारों, नियोजकों तथा प्रशिक्षणार्थियों को लैक्चर दिये। शिक्षाप्रद प्रचार के भाग के रूप में "आप और आपकी योजना" नामक पुस्तिका का वितरण किया गया जो विशेष तौर पर बीमाकृत व्यक्तियों को उनके अधिकार तथा दायित्व और हितलाभों का दावा करने की कार्यविधि का ज्ञान कराती है।

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के फिल्म प्रभाग की सहायता से "कामगारों की सुरक्षा" नामक कर्मचारी राज्य बीमा योजना पर वृत्त चित्र का निर्माण किया गया था। कामगारों में विशेष प्रचार के लिए निगम द्वारा 16 मिलीमीटर रंगीन आकार में 8 प्रिंट दो अंग्रेजी, एक-एक तमिल, तेलगू, बंगाली, मलयालम, कन्नड़ तथा असमिया में प्राप्त किये गये। 16 मि० मी० रंगीन आकार में हिन्दी के 2 प्रिंट प्राप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

22. विस्तार क्षेत्र

योजना के अंतर्गत शामिल किए गए कर्मचारियों आदि की संख्या (परिशिष्ट 9 तथा 10)

परिशिष्ट 9 तथा 10 में योजना के विस्तार क्षेत्र संबंधी ब्यौरे (रोजगार के अतिरिक्त क्षेत्रों को मिलाकर) दिए गए है । 31-3-81 को योजना के अंतर्गत 75,858 नियोजक शामिल थे जबकि एक वर्ष पहले इसमें 67,807 नियोजक थे । इनमें से 71, 614 नियोजक कार्यान्वित केन्द्रों में थे । पिछले वर्ष तदनुरूपी संख्या 64,600 थी । शेष 4,244 नियोजक अभी कार्यान्वित किए जाने वाले क्षेत्रों में हैं । कार्यान्वित केन्द्रों में कर्मचारियों की कुल संख्या 63.32 लाख थी । अभी कार्यान्वित किए जाने वाले क्षेत्रों में कर्मचारियों की संख्या 8.66 लाख थी । डाक्टरी इलाज के लिए हकदार बीमाकृत व्यक्तियों की संख्या 71.62 लाख तथा परिवार बीमाकृत व्यक्ति एककों की संख्या 71.62 लाख थी । कुल मिलाकर 31-3-81 को डाक्टरी इलाज के लिए हकदार लाभाधिकारियों की कुल संख्या (बीमाकृत व्यक्तियों को मिलाकर) लगभग 2,77,88 लाख थी ।

"कर्मचारी" "बीमाकृत व्यक्ति" तथा "लाभाधिकारी" शब्दों की परिभाषा

(क) किसी विशेष तारीख को "कर्मचारियों" की संख्या योजना के अंतर्गत शामिल कारखानों स्थापनाओं में प्रभावी पदों की अनुमानित संख्याक है । यह मोटे तौर पर उस तारीख के आस-पास कारखानों स्थापनाओं द्वारा प्रतिदिन नियोजित कर्मचारियों की औसत संख्या होगी और इसमें उस तारीख को वास्तव में नियुक्त कर्मचारियों की संख्या से बहुत अधिक अंतर नहीं होगा । तथापि यह ध्यान में रखना चाहिए कि किसी अवधि में किसी विशेष स्वीकृत पद पर वास्तव में काम करने वाले व्यक्तियों की संख्या अधिक हो सकती है क्योंकि किसी नियमित कामगार की अनुपस्थिति, छुट्टी आदि के दौरान उसके स्थान पर छुट्टी रिजर्व या बदली कामगार अस्थाई तौर पर कार्य कर रहे होते हैं ।

(ख) इस रिपोर्ट के प्रयोजन के लिए किसी तारीख को "बीमाकृत व्यक्तियों" की संख्या का अर्थ उन व्यक्तियों की संख्या से है जो उस तारीख को चिकित्सा हितलाभ के हकदार माने जाएं । इसके अलावा किसी दिन बीमाकृत व्यक्तियों की संख्या आम तौर पर उस तारीख को काम करने वाले "कर्मचारियों" की संख्या से अधिक हो सकती है क्योंकि अधिनियम के अन्तर्गत चिकित्सा हितलाभ की पात्रता शर्तों के अधीन किसी दिन चिकित्सा हितलाभ के हकदार व्यक्तियों में न केवल वे व्यक्ति शामिल होंगे जो उस दिन वस्तुतः नियुक्त थे बल्कि ऐसे भूतपूर्व कर्मचारी भी शामिल होंगे जो उस तारीख से पहली किसी अवधि के दौरान अंशदान की शर्तों के कारण उस तारीख को इस प्रकार के लाभ के हकदार होंगे ।

(ग) किसी तारीख को "लाभाधिकारियों" की कुल संख्या में ऐसे सभी व्यक्ति शामिल हैं जो उस तारीख को योजना के अन्तर्गत चिकित्सा हितलाभ के हकदार माने जाएं । इसमें "बीमाकृत व्यक्ति" शामिल हैं और जहां चिकित्सा हितलाभ का विस्तार बीमाकृत व्यक्तियों के परिवारों पर किया गया है वहां उनके परिवारों के सदस्य भी शामिल है । बीमाकृत व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों की कुल संख्या (बीमाकृत व्यक्ति को छोड़कर) प्रत्येक "बीमाकृत व्यक्ति" के लिए औसतन 2.88 सदस्य मानकर तय की जाती है ।

23. चिकित्सा देख-रेख के स्तर में सुधार । अंतरंग उपचार के लिए अस्तपाल बिस्तरों की व्यवस्था ।

1980-81 वर्ष के दौरान निम्नलिखित कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में 752 अतिरिक्त बिस्तरों की व्यवस्था की गई :—

| राज्यों के नाम | बिस्तर |
|---|---|
| 1. कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, बालमिया नगर (बिहार) | 24 |
| 2. कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, अलवाय (केरल) | 20 |
| 3. कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, इडुक्कोन (केरल) | 50 |
| 4. कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, ग्वालियर (मध्य-प्रदेश) | 25 |
| 5. कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, उज्जैन (मध्य-प्रदेश) | 35 |
| 6. कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, कांडीविलि (महाराष्ट्र) | 300* |
| 7. कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल , चौधवार (उड़ीसा) | 12 |
| 8. कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, अमृतसर (पंजाब) | 25 |
| 9. कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, जयपुर (राजस्थान) | 113 |
| 10. कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल , बेल्लोर (तमिलनाडु) | 50@ |
| 11. कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, श्यामनसोल (पश्चिमी बंगाल) | 100@ |

31-3-81 की स्थिति के अनुसार कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत कुल बिस्तरों की संख्या 19349 थी जिनके ब्यौरे परिशिष्ट XI में दिए गए है।

*650 निर्मित बिस्तरों में से केवल 300 बिस्तर चालू किए गए हैं ।
@नए चालू किए गए अस्पताल ।

24. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में भरे हुए बिस्तरों की प्रतिशतता और प्रतिदिन प्रति बिस्तर औसत आवर्ती लागत निम्न प्रकार थी :—

| क्र० सं० | अस्पताल का नाम | व्यवस्था किए गए बिस्तरों की संख्या | | | | 1980-81 वर्ष में भरे हुए बिस्तरों की प्रतिशतता | 1980-81 वर्ष में प्रतिदिन प्रति बिस्तर लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | प्रसूति | क्षय रोग | जोड़ | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | **आन्ध्र प्रदेश** | | | | | | |
| 1. | कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल सुनथनगर हैदराबाद . | 270 | 40 | — | 310 | 79 प्रतिशत | 117.65@ |
| 2 | क० रा० बी० अस्पताल सीरपुर, कागजनगर . . . . | 50 | 10 | — | 60 | 100 प्रतिशत | 44.84 |
| 3 | क०रा०बी० अस्पताल, विजयवाड़ा | 80 | 16 | 14 | 110 | 92 प्रतिशत | 49.74 |
| 4. | क०रा०बी० अस्पताल, चारंगल . | 40 | 10 | — | 50 | 78 प्रतिशत | 55.94 |

| 1 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5. क०रा०बी० अस्पताल, अडोमी | 40 | 10 | — | 50 | 85 प्रतिशत | 44.27 |
| 6. क०रा०बी० अस्पताल, विशाखापटनम | 94 | 16 | — | 110 | 89 प्रतिशत | 69.05 |
| **बिहार** | | | | | | |
| 7. क०रा०बी० अस्पताल, मैथोन | 100 | — | — | 100 | 88 प्रतिशत | 30.88 |
| 8. क० रा० बी० अस्पताल, मुंगेर | 30 | — | — | 30 | 63 प्रतिशत | 26.20 |
| 9. क०रा० बी० अस्पताल, डालमियानगर | 46 | 16 | 10 | 72 | 71 प्रतिशत | 25.77 |
| **दिल्ली** | | | | | | |
| 10. क० रा० बी० अस्पताल, बसईदारापुर | 310 | 90 | — | 400 | 100 प्रतिशत | 73.74 |
| **गुजरात** | | | | | | |
| 11. क०रा०बी० अस्पताल बापूनगर, अहमदाबाद | 500 | — | — | 500 | 93 ,, | 54.03 |
| 12. क०रा०बी० अस्पताल, नरोदा, अहमदाबाद | — | — | 225 | 225 | 69 ,, | 36.80 |
| **हरियाणा** | | | | | | |
| 13. क०रा०बी० अस्पताल, फरीदाबाद | 164 | — | 36 | 200 | 86 प्रतिशत | 30.87 |
| 14. क०रा०बी० अस्पताल, जगाधरी | 60 | — | — | 60 | 73 प्रतिशत | 76.23@ |
| 15. क०रा०बी० अस्पताल, पानीपत | 15 | — | 35 | 50 | 85 प्रतिशत | 93.37@ |
| **कर्नाटक** | | | | | | |
| 16. क०रा०बी० अस्पताल राजाजीनगर, बंगलौर | 335 | 35 | 44 | 414 | 111 प्रतिशत | 23.28 |
| 17. क०रा०बी० अस्पताल, डाण्डेली | 24 | — | — | 24 | 110 प्रतिशत | उपलब्ध नहीं |
| 18. क०रा०बी० अस्पताल, मंगलोर | 60 | — | — | 60 | 18 प्रतिशत | £32.31 |
| **केरल** | | | | | | |
| 19. क०रा०बी० अस्पताल, मुलाकुमाठाकाव (त्रिचूर जिला) | — | — | 110 | 110 | 72 प्रतिशत | 25.00 |
| 20. क०रा०बी० अस्पताल, असरामभ (क्विलोन जिला) | 101 | 38 | — | 139 | 133 प्रतिशत | 19.60 |
| 21. क०रा०बी० अस्पताल अलैप्पी | 51 | 4 | — | 55 | 100 प्रतिशत | 31.50 |
| 22. क० रा० बी० अस्पताल, पेरूरकाडा (त्रिवन्द्रम जिला) | 65 | 10 | — | 75 | 115 | 33.30 |
| 23. क० रा० बी० अस्पताल, ओलारीकारा, त्रिचुर | 84 | 6 | — | 90 | 82 प्रतिशत | 21.10 |
| 24. क० रा० बी० अस्पताल, उद्योगमण्डल (जिला अरनाकुलम) | 130 | 25 | — | 155 | 46£ | 32.10 |
| 25. क० रा० बी० अस्पताल, अरनाकुलम | 55 | 10 | — | 65 | 79 प्रतिशत | 31.10 |
| 26. क० रा० बी० अस्पताल, वाडावकूर | 59 | 6 | — | 65 | 68 प्रतिशत | 36.50 |
| 27. क० रा० बी० अस्पताल, पीरापल्ली | 75 | 25 | — | 100 | 122 प्रतिशत | 21.00 |
| 28. क० रा० बी० अस्पताल, एजूकोन | 150 | — | — | 150 | 85 प्रतिशत | 23.10 |
| **मध्य प्रदेश** | | | | | | |
| 29. क०रा०बी० (सामान्य) अस्पताल, इन्दौर | 136 | 20 | — | 156 } | 70 प्रतिशत | 33.95 |
| 30. क० रा० बी० चैस्ट अस्पताल, इन्दौर | — | — | 52 | 52 } | | |
| 31. क० रा० बी० अस्पताल, उज्जैन | 100 | — | — | 100 | 84 प्रतिशत | 34.98 |
| 32. क० रा० बी० अस्पताल, ग्वालियर | 100 | — | — | 100क | 82 प्रतिशत | 39.11 |
| **महाराष्ट्र** | | | | | | |
| 33. एम० जी० एम० अस्पताल, बम्बई | 668 | 1 | 15 | 700 | 96 प्रतिशत | 50.55 |
| 34. क० रा० बी० अस्पताल, मुलुन्द; बम्बई | 495 | 14 | 10 | 650 | 92 प्रतिशत | 65.19 |
| 35. क० रा० बी० अस्पताल, वारली | 435 | 60 | — | 500 | 89 प्रतिशत | 83.94@ |
| 36. क० रा० बी० अस्पताल, उल्हास नगर, बम्बई | 80 | 20 | — | 100 | 70 प्रतिशत | 70.49@ |
| 37. क० रा० बी० अस्पताल, अंधेरी, बम्बई | 540 | 100 | 10 | 650 | 72 प्रतिशत | 61.81 |
| 38. क० रा० बी० अस्पताल, वाशी, बम्बई | — | — | 600 | 600 | 87 प्रतिशत | 35.48 |
| 39. क० रा० बी० अस्पताल, नागपुर | 170 | 30 | — | 200 | 87 प्रतिशत | 58.65 |
| 40. क० रा० बी० अस्पताल, औंध, पूना | 175 | 25 | 120 | 320 | 74 प्रतिशत | 55.98 |
| 41. क० रा० बी० अस्पताल, कांदीवली, बम्बई | 220 | 80 | — | 300 | 40 प्रतिशत | 159.25 19-8-81 से काम कर रहा है |
| **उड़ीसा** | | | | | | |
| 42. क० रा० बी० अस्पताल, चौद्वार | 44 | 6 | 12 | 62 | 113 प्रतिशत | 38.45 |
| 43. क० रा० बी० अस्पताल, कन्सावहल | 40 | 10 | — | 50 | 61 प्रतिशत | 66.51 |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 44. | क० रा० बी० अस्पताल, ब्रजराजनगर | 23 | 2 | — | 25 | 78 प्रतिशत | 51.31 |
| 45. | क० रा० बी० अस्पताल, जे० के० पुर | 25 | — | — | 25 | 80 प्रतिशत | 36.13 |
| | **पांडिचेरी** | | | | | | |
| 46 | क० रा० बी० अस्पताल, पांडिचेरी | 50 | — | — | 50 | 71 प्रतिशत | 70.08@ |
| | **पंजाब** | | | | | | |
| 47. | क० रा० बी० अस्पताल, अमृतसर | 100 | 25 | — | 125 | 70 प्रतिशत | 59.23 |
| 48. | क० रा० बी० अस्पताल, लुधियाना | 75 | 25 | — | 100 | 110 प्रतिशत | 73.87 |
| 49. | क० रा० बी० अस्पताल, जलंधर | 80 | 20 | — | 100 | 73 प्रतिशत | 70.41@ |
| | **राजस्थान** | | | | | | |
| 50. | क० रा० बी० अस्पताल, जयपुर | 250 | — | — | 250 | 65 प्रतिशत | 41.69 30-1-81 से ग्रेड बनाया गया |
| | **तमिलनाडु** | | | | | | |
| 51. | क० रा० बी० अस्पताल, आयनवरम, मद्रास | 486 | 100 | 39 | 625 | 69 प्रतिशत | 61.00 |
| 52. | क० रा० बी० अस्पताल, कोयम्बटूर | 370 | 100 | 30 | 500 | 77 प्रतिशत | 35.36 |
| 53. | क० रा० बी० अस्पताल, मदुरै | 140 | 50 | 12 | 202 | 81 प्रतिशत | 33.36 |
| 54. | क० रा० बी० अस्पताल के० के० नगर, मदुरै | 140 | 40 | 26 | 206 | 51 प्रतिशत | 47.85 |
| 55 | क० रा० बी० अस्पताल, वेल्लौर | 40 | 10 | — | 50 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं 8-1-81 से चालू किया गया है |
| | **उत्तर प्रदेश** | | | | | | |
| 56. | क० रा० बी० अस्पताल, पांडुनगर, कानपुर | 212 | — | — | 212 | 99 प्रतिशत | 31.08 |
| 57. | क० रा० बी० अस्पताल, (जैस्ट) आजाद-नगर, कानपुर | — | — | 180 | 180 | 77 प्रतिशत | 30.34 |
| 58. | क० रा० बी० अस्पताल, (प्रसूति तथा सामान्य) कानपुर | 104 | 40 | — | 144 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| 59. | क० रा० बी० अस्पताल, मांदीनगर | 76 | 24 | — | 100 | 82 प्रतिशत | 58.15 |
| | **पश्चिमी बंगाल** | | | | | | |
| 60. | क० रा० बी० अस्पताल, स्यालदाह | 212 | 18 | — | 230(ख) | 78 प्रतिशत | 45.03 |
| 61. | क० रा० बी० अस्पताल, कुमारहटी | 172 | 4 | — | 176 | 83 प्रतिशत | 43.75 |
| 62. | क० रा० बी० अस्पताल, बारुईपुरी | 280 | 20 | — | 300(ग) | 80 प्रतिशत | 36.26 |
| 63. | क० रा० बी० अस्पताल, सरामपुर | 216 | — | — | 216 | 55 प्रतिशत | £41.55 |
| 64. | क० रा० बी० अस्पताल, कल्याणी | 250 | — | — | 250 | 68 प्रतिशत | 41.20 |
| 65. | क० रा० बी० अस्पताल, उलूबेरिया | 216 | — | — | 216 | उपलब्ध नहीं ङ | 39.00 |
| 66. | क० रा० बी० अस्पताल, बलूरघाटी | — | — | 150 | 150 | 97 प्रतिशत | 35.42 |
| 67 | क० रा० वि० अस्पताल, गोरहट्टी | 216 | — | — | 216 | 92 प्रतिशत | 36.40 |
| 68. | क० रा० बी० अस्पताल, बजबज | 210 | 20 | — | 230(च) | 70 प्रतिशत | 39.80 |
| 69. | क० रा० बी० अस्पताल, मानिकटोला | 150 | — | — | 150 | उपलब्ध नहीं | 39.80 |
| 70. | क० रा० बी० अस्पताल, कन्यापुर आसन-सोल | 50 | — | 50 | 100 | उपलब्ध नहीं ङ | उपलब्ध नहीं 31-1-81 से चालू किया गया |

@प्रति बिस्तर प्रतिदिन लागत अधिक है । राज्य सरकार से प्रार्थना की गई है कि वे मामले की छानबीन करें।

£ अस्पताल में कम बिस्तर भरते हैं । राज्य सरकार से प्रार्थना की गई है कि वे मामले की छानबीन करें।

क. 25 बिस्तर 6-3-1981 को मंजूर किए गए हैं ।

ख. मंजूर किए गए 250 बिस्तरों में से 230 बिस्तर चालू किए गए है ।

ग. मंजूर किए गए 416 बिस्तरों में से 300 बिस्तर चालू किए गए हैं ।

ङ उपलब्ध नहीं का अर्थ राज्य सरकार द्वारा सूचना नहीं भेजी जाना है ।

च मंजूर किए गए 300 बिस्तरों में से 230 बिस्तर चालू किए गए हैं ।

25 31-3-81 को स्थिति के अनुसार औषधालयों, विशेषज्ञों, बीमा चिकित्सा अधिकारियों/बीमा चिकित्सा व्यवसायियों और एम्बुलैंस संबंधी ब्यौरे परिशिष्ट II में दिए गए हैं ।

**26. बीमाकृत व्यक्तियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को कृत्रिम अंग लगाने की व्यवस्था**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 62 बीमाकृत व्यक्तियों तथा 15 परिवार के सदस्यों को कृत्रिम अंग लगाये गये । कुल मिलाकर अब तक कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत 1082 बीमाकृत व्यक्तियों तथा 21 परिवार के सदस्यों को कृत्रिम अंग लगाये जा चुके हैं या दुबारा लगाए गए हैं ।

**26.1 बीमाकृत व्यक्तियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को कृत्रिम दांतों की व्यवस्था ।**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 69 बीमाकृत व्यक्तियों तथा एक परिवार के सदस्य को निःशुल्क दांत लगाये गये । कुल मिलाकर अब तक कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत 171 बीमाकृत व्यक्तियों तथा 2 परिवार के सदस्यों को कृत्रिम दांत लगाये जा चुके है ।

**26.2 बीमाकृत व्यक्तियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को चश्मों की व्यवस्था ।**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान क० रा० बी० योजना के अन्तर्गत 9,188 बीमाकृत व्यक्तियों तथा 47 परिवार के सदस्यों को नि:शुल्क चश्मे लगाये गये ।

**27. परिवार कल्याण कार्य-कलाप**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने परिवार कल्याण के लिए शिक्षा, अभिप्रेरण तथा सेवाओं की व्यवस्था के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सा योजना में वृद्धि के लिये अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा प्रायोजित तथा जनसंख्या कार्यकलापों के लिये अंतर्राष्ट्रीय निधि (अनफपा) द्वारा दी गई निधियों से वर्ष 1976 में परियोजना संख्या आई० एल० ओ०/674/पी० आ० 2 को चलाने की जिम्मेदारी ली थी । उक्त परियोजना आरंभ में 31.12.78 को समाप्त 3 वर्ष की अवधि के लिए मंजूर की गई थी । त्रिपक्षीय पुनरीक्षण समिति की दिनांक 25-9-1978 को हुई बैठक में इसके कार्य के पुनरीक्षण तथा इसके द्वारा की गई प्रगति को दृष्टिगत रखते हुए इसके कार्य-कलापों को अगले एक वर्ष, यानी 31-12-1979 तक के लिये बढ़ा दिया गया था और इसके बाद तीन मास, यानी 31-3-1980 की अगली अवधि के लिये बढ़ा दिया गया था । परियोजना करार के अनुसार कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने परियोजना कार्य-कलापों को 1-4-80 से आगे कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत चिकित्सा देख-रेख के एक भाग के रूप में जारी रखा है ।

1980-81 वर्ष के दौरान परिवार कल्याण परियोजना की उपलब्धियां निम्न प्रकार है :—

| | |
|---|---|
| 1. नसबन्दी | 3077 |
| 2. नलीबन्दी | 15223 |
| 3. कुल बन्ध्यकरण | 18300 |
| 4. अन्तः गर्भाशय साधन | 5920 |
| 5. गर्भावस्था को चिकित्सा द्वारा समाप्त करना | 4559 |
| 6. जारी किये गये निरोध | 991050 |
| 7. बांटी गई खाने की गोलियां | 65609 |
| 9. समकक्ष बन्ध्यकरण | 31660 |

**28. कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत प्रतिरक्षा कार्यक्रम ।**

कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत अखिल भारतीय प्रतिरक्षण कार्यक्रम 14 नवम्बर, 1973 से तत्कालीन श्रम मंत्री द्वारा नई दिल्ली में आरम्भ किया गया था । तभी से राज्य निदेशकों/प्रणामनिक चिकित्सा अधिकारियों से इस कार्यक्रम पर विशेष ध्यान देने का निवेदन किया जाता रहा है क्योंकि यह कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत बीमाकृत व्यक्तियों तथा उनके परिवारों को दिये जाने वाले हितलाभों का एक भाग है । रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान देश में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत लाभाधिकारियों को 7.35 लाख टीके/सिरंज आदि की खुराकें दी गई जिसमे वर्ष के अंत में दी गई खुराकों की संख्या कुल मिलाकर 38 85 हो गई ।

**चिकित्सा हितलाभ की व्यवस्था**

29. औषधालयों तथा अस्पतालों में उपस्थिति तथा घर जाकर इलाज करना (परिशिष्ट 12 तथा 13)

29.1 (क) प्रतिवर्ष प्रति 1000 बीमाकृत व्यक्ति और प्रति 1000 परिवार (बीमाकृत व्यक्ति) एकक उपस्थिति (ख) बीमाकृत व्यक्तियों और परिवारों का घर जाकर इलाज करने और (ग) (i) अस्पताल में दाखिल किए गए और (ii) विशेषज्ञ के पास जांच के लिए भेजे गए बीमाकृत व्यक्तियों के मामलों की संख्या से संबंधित आकड़े इन परिशिष्टों में दिए गए है । ये आकड़े मुख्य रूप से औषधालयों तथा पैनल व्यवसायियों द्वारा भेजी गई विवरणियों पर आधारित है । चिकित्सा उपस्थिति के स्तर का हिसाब लगाने के लिए केवल रिपोर्ट भेजने वाले औषधालयों/क्लीनिकों से संबंध बीमाकृत व्यक्तियों/परिवार (बीमाकृत व्यक्ति) एककों की संख्या को "दिखा गया गया" माना गया है ।

29.2 समीक्षाधीन वर्ष में प्रति 1000 बीमाकृत व्यक्ति नई उपस्थिति की अखिल भारतीय दर 1979-80 की तुलना में 2867 से बढ़कर 3047 हो गई । प्रति 1000 बीमाकृत व्यक्ति पुरानी उपस्थिति की संख्या 1979-80 की तुलना में 5893 से घटकर 5,525 रह गई । इस वर्ष नई उपस्थिति की तुलना में पुरानी उपस्थिति का अनुपात 1.81 रहा जबकि 1979-80 में यह अनुपात 2.06 था ।

29.3 प्रति 1000 परिवार एकक नई उपस्थिति की अखिल भारतीय दर 1979-80 की तुलना मे 3,345 से घटकर 3,205 रह गई । प्रति 1000 परिवार एकक पुरानी उपस्थिति की संख्या भी 1979-80 की तुलना में 6,286 से घटकर 5,881 रह गई । नई उपस्थिति की तुलना में पुरानी उपस्थिति का अनुपात 1979-80 में 1.94 था जो 1980-81 में घटकर 1.83 रह गया ।

29.4 बीमाकृत व्यक्तियों के संबंध मे घर जाकर इलाज करने की कुल संख्या 1979-80 की तुलना में 1.71 प्रतिशत बढ़ गई है । परिवारों के संबंध में भी 6,80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । प्रति 1000 बीमाकृत व्यक्ति विजिटों की संख्या के अनुसार घर जाकर इलाज करने की घटना में कमी हुई है । ये घटनायें 1979-80 में 45 थी, जो 1980-81 में घटकर 42 रह गई है ।

29.5 अस्पतालों में दाखिल किए गए मामलों की कुल संख्या में कमी हुई है । ये मामले 1979-80 मे 3,14,539 थे जो कि 1980-81 में घटकर 2,76,592 रह गए है । विशेषज्ञों के पास जांच के लिए भेजे गए मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है । ये मामले 1979-80 में 14,28,381 थे जो 1980-81 में बढ़कर 15,09,931 हो गए है ।

**30. बीमारी प्रतिरूप (परिशिष्ट - 14)**

30.1 विश्लेषण किए प्रति 1000 बीमाकृत व्यक्ति नए मामलों की संख्या के रूप मे व्यक्त की गई संपूर्ण देश के लिए बीमारी प्रतिरूप की सूचना 51 कारण समूहों में से प्रत्येक की बाबत बीमाकृत व्यक्तियों तथा उनके परिवारों के सदस्यों के लिए अलग-अलग इस परिशिष्ट में दिखाई गई

30.2 सभी कारण समूहों को मिलाकर घटना दरें 1979-80 की तुलना मे 1980-81 में बीमाकृत व्यक्तियों के संबंध में अधिक हैं तथा उनके परिवारों के संबंध में कम हैं । बीमाकृत व्यक्ति से संबंधित प्रत्येक अवधि मे बीमाकृत व्यक्ति के परिवार के सदस्यों के संबंध में इस वर्ष 1.052 नई अवधियां रही हैं जबकि 1979-80 वर्ष में ये 1.132 थीं । याद यह बात ध्यान में रखी जाये कि एक बीमाकृत व्यक्ति की तुलना में 2 88 परिवार सदस्य हैं तो नए मामलों की घटनाओं के अनुसार अस्वस्थता की घटनाएं बीमाकृत व्यक्तियों की तुलना में बीमाकृत व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों के संबंध में कम रही है ।

30.3 बीमाकृत व्यक्तियों के संबंध में बीमारी के कारण समूहवार घटना सूची में दी गई लगभग सभी बीमारियों के लिए बीमाकृत व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों से संबंधित तदनुरूपी वर्गों से काफी कुछ मिलती है । लेकिन केवल कुछ कारणों समूहों मे घटना मे बहुत अंतर से यह पता चलता है कि कुछ ऐसे विशिष्ट रोगों में अधिक इलाज की आवश्यकता

होती है जो किसी विशेषसमूह (यानी बीमाकृत व्यक्ति या परिवार) को अपेक्षाकृत आसानी से हो जाते हैं ।

31. चिकित्सा निर्देशी

वर्ष के अन्त में अलग-अलग राज्यों में तैनात पूर्णकालिक और अंशकालिक चिकित्सा निर्देशियों और उनके द्वारा निपटाए गए मामलों की संख्या का विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है :—

| क्र० सं० | राज्य का नाम | चिकित्सा निर्देशियों की संख्या | | 1980-81 वर्ष में निपटाए गए मामलों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| | | पूर्णकालिक | अंशकालिक | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | आन्ध्र प्रदेश | — | 9 | 13451 |
| 2. | असम | — | 5 | 0648 |
| 3. | बिहार | — | 15 | 6420 |
| 4. | चंडीगढ़ प्रशासन | — | 1 | 195 |
| 5. | दिल्ली | 2 | — | 13156 |
| 6. | गोआ | — | 1 | 235 |
| 7. | गुजरात | 3 | 11 | 68488 |
| 8. | हरियाणा | — | 9 | 5330 |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | — | — | — |
| 10. | कर्नाटक | — | 16 | 12817 |
| 11. | केरल | 1 | 5 | 13944 |
| 12. | मध्य प्रदेश | 1 | 8 | 14477 |
| 13. | महाराष्ट्र | | | |
| | (क) ग्रेटर बम्बई | 2 | 7 | 27523 |
| | (ख) नागपुर क्षेत्र | — | 7 | 6935 |
| | (ग) पश्चिमी महाराष्ट्र क्षेत्र | 1 | 7 | 8497 |
| 14. | मेघालय | — | — | — |
| 15. | उड़ीसा | — | 9 | 2580 |
| 16. | पांडिचेरी | — | 1 | 6559 |
| 17. | पंजाब | — | 15 | 3706 |
| 18. | राजस्थान | — | 13 | 5550 |
| 19. | तमिलनाडु | 2 | 3 | 106849 |
| 20. | उत्तर प्रदेश | 2 | 25 | × |
| 21 | पश्चिमी बंगाल | 1 | 11 | 28164 |
| | जोड़ | 15 | 178 | 345524 |

× 1980-81 वर्ष के आंकड़े प्राप्त नहीं हुए ।

## 32. चिकित्सा हितलाभ की व्यवस्था पर खर्च—राज्य सरकारों की प्राधिकृत अवायगियां

समीक्षाधीन वर्ष में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत चिकित्सा हितलाभ की व्यवस्था पर खर्च के अपने शेयर के रूप में निगम द्वारा राज्य सरकारों को अवायगी करने के लिये 68,31,30,890.84 रुपये की धनराशि प्राधिकृत की गई । उपर्युक्त राशि के ब्यौरे इस प्रकार हैं :—

| | | रुपये | पैसे |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 |
| 1. | 1974-75 के लिये अंतिम अवायगी | 20,65,457. | 05 |
| 2. | 1976-77 के लिये अंतिम अवायगी | 15,03,933. | 62 |
| 3. | 1977-78 के लिये अंतिम अवायगी | 9,21,264. | 90 |
| 4. | 1978-79 के लिये अंतिम अवायगी | 32,65 743. | 77 |
| 5. | 1978-79 के लिये लेखागत अवायगी | 1,49,40,000. | 00 |
| 6. | 1979-80 के लिये लेखागत अदायगी | 7,38,19,000. | 00 |
| 7. | 1979-80 के लिये अंतिम अदायगी | 26,32,598. | 87 |
| 8. | 1980-81 के लिये लेखागत अवायगी | 58,16,26,000. | 00 |
| 9. | 1969-70 तक के छुट्टी वेतन तथा पेंशन अंशदान के संबंध में अदायगी, "लेखागत अदायगी."। | 23,53,892. | 63 |
| | जोड़ | 68,31,30,890. | 84 |

## 33. चिकित्सा देख-रेख के खर्च पर नियन्त्रण के उपाय

समीक्षाधीन वर्ष में निगम ने 750 से अधिक दवाइयों, इन्जैक्शनों तथा औषधियों के लिये औषध निर्माताओं के साथ दर ठेके किए । दर ठेके राज्य सरकारों को अमल में लाने के लिये सूचित कर दिये गये हैं ।

## 34. दिल्ली में आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली में सुविधाओं की व्यवस्था

दिल्ली (चि०) योजना के लिए स्वीकृत आयुर्वेदिक औषधालय इस समय किशनगंज संख्या 11 तथा नए औद्योगिक क्षेत्र में मौजूदा कर्मचारी राज्य बीमा औषधालयों के भवनों में स्थित हैं ।

## 35. स्थानीय कार्यालयों के कार्यपालन में कार्य-कुशलता

समीक्षाधीन वर्ष में देश भर में 460 स्थानीय कार्यालयों (लघु स्थानीय कार्यालयों सहित) में से 399 स्थानीय कार्यालयों में खाता प्रणाली कार्य कर रही थी । 47 स्थानीय कार्यालयों में टेलर प्रणाली प्रयोग के तौर पर काम कर रही थी ।

## 35. नकद हितलाभों में सुधार

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने दिनांक 14-12-80 को सम्पन्न बैठक में निर्णय किया कि :—

(1) अपंगता तथा आश्रितजन हितलाभ की दर दिनांक 1-1-1981 से मानक हितलाभ दर के 125 प्रतिशत से बढ़ाकर 140 प्रतिशत कर दी जाए ।

(2) 31-3-78 को या इससे पहले हुई अपंगता या मृत्यु की स्थिति में स्थायी अपंगता हितलाभ तथा आश्रितजन हितलाभ के सभी मौजूदा मामलों में दिनांक 1 अप्रैल, 1980 से निम्नलिखित दरों पर वृद्धि मंजूर की जाये :—

(क) ऐसे मामले जिनमें अपंगता या मृत्यु 31-3-75 को या इससे पहले हुई है। — मूल राशि की 2 प्रतिशत (पहले 1-10-77 से मंजूर की गई वृद्धि को छोड़कर)

(ख) ऐसे मामले जिनमें अपंगता या मृत्यु 1-4-75 तथा 31-3-78 के बीच हुई हो। — मूल राशि की 15 प्रतिशत

2. निगम ने दिनांक 14-12-80 को सम्पन्न अपनी बैठक में चिकित्सा देखरेख की हकदारी से संबंधित सामान्य नियमों के अन्तर्गत के अलावा अपनी मृत्यु के समय अन्यथा चिकित्सा हितलाभ प्राप्त करने वाले मृत बीमाकृत व्यक्तियों के संबंध में अन्त्येष्टी हितलाभ की मंजूरी का अनुमोदन किया ।

नकद हितलाभ (परिशिष्ट 16 से 18)

37 नकद हितलाभ अदायगियों की संख्या (परिशिष्ट 16 का कालम 4)।

37.1 नकद हितलाभों की अदायगी निगम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित किए गए स्थानीय/लघु/उप-स्थानीय/भुगतान कार्यालयों से की जाती है। 31 मार्च, 1981 को इस प्रकार के कार्यालयों की संख्या 724 थी जबकि एक वर्ष पहले इनकी संख्या 691 थी।

37.2 1979-80 तथा 1980-81 वर्षों के दौरान प्रत्येक राज्य में की गई नकद हितलाभ अदायगियों की कुल संख्या कालम 4 में दिखाई गई है। 1980-81 वर्ष के दौरान कुल मिलाकर लगभग 95.05 लाख अदायगियां (स्थायी अपंगता दावों के रूपान्तरण के आवेदनों से संबंधित एक-मुश्त अदायगियों के 13,378 दावों सहित) की गई थीं अदायगियां पिछले वर्ष अदायगियों से लगभग 9.58 लाख अधिक थीं। औसत के रूप में प्रत्येक मास लगभग 7.92 लाख अदायगियां की गई जबकि 1979-80 वर्ष में 7.12 लाख अदायगियां की गई थी। प्रति कर्मचारी अदायगियों की संख्या 1979-80 वर्ष में 1.48 थी जो 1980-81 वर्ष में बढ़कर 1.60 हो गई।

## 38. बीमारी हित-लाभ (परिशिष्ट 16 के कालम 5 तथा 6 से 8)

38.1 1 जुलाई, 1979 तथा 30 जून, 1980 के बीच नए केन्द्रों में तथा रोजगार के नए क्षेत्रों पर योजना के हितलाभ उपबन्धों के कार्यान्वयन के फलस्वरूप तथा पहले से कार्यान्वित क्षेत्रों में रोजगार में वृद्धि होने के कारण समीक्षाधीन वर्ष में लगभग 2.03 लाख अतिरिक्त कर्मचारी बीमारी हितलाभ के पात्र हो गए। 1980-81 वर्ष के दौरान बीमारी हितलाभ का दावा करने के हकदार कर्मचारियों की कुल संख्या 59.47 लाख होने का अनुमान है जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 57.44 लाख थी (कालम 3 देखिये)।

38.2 वर्ष के दौरान बीमारी नकद हितलाभ के रूप में 49,22.14 लाख रुपये की राशि की अदायगी की गई जबकि 1979-80 वर्ष में यह राशि 42.96.75 लाख रुपये थी।

38.3 प्रति कर्मचारी नई अवधियों की औसत संख्या 1979-80 में 1.00 थी जो 1980-81 में बढ़कर 1.02 हो गई है। 1980-81 के दौरान प्रति कर्मचारी परिवर्ष हितलाभ दिनों का औसत संख्या भी बढ़कर 8.0 हो गई है जो 1979-80 में 7.8 था। प्रति कर्मचारी हितलाभ की दैनिक दर की राशि 1979-80 में 9.54 रुपए थी जो 1980-81 में बढ़कर 10.29 रुपये हो गई है।

38.4 पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी बीमारी हितलाभ दावों की घटना और अवधि के संबंध में राज्यों में परस्पर काफी घट-बढ़ रही। ये घटनाएं बिहार, कर्नाटक, मध्य प्रदेश तथा तमिलनाडु में अधिक रहीं। विभिन्न केन्द्रों पर बीमारी दावों की अवधि पर महानिदेशक लगातार निगरानी रखे हुए हैं। इस संबंध में मुख्यालय में प्रत्येक मास प्राप्त संबंधित आंकड़ों का आवधिक रूप से विश्लेषण किया जाता है तथा किसी केन्द्र की किसी असामान्य घट-बढ़ के बारे में क्षेत्रीय निदेशक तथा प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारियों के साथ पत्र व्यवहार किया जाता है ताकि वे आवश्यक तथा संभव होने पर इस असामान्य घट-बढ़ को दूर करने के लिए उपयुक्त व शीघ्र कार्रवाई कर सकें।

## 38.5 धारा 58(2) के अन्तर्गत अत्यधिक बीमारी हित लाभ

बीमाकृत व्यक्तियों को बीमारी हितलाभ अदायगी का भार कुछ राज्यों में अखिल भारतीय औसत से अधिक पाया गया है। 1979-80 वर्ष के अत्यधिक बीमारी हितलाभ को निगम तथा राज्य सरकारों के बीच निम्न प्रकार से बांटा गया है :—

| क्र० सं० | राज्य सरकार का नाम | राज्य में दी गई कुल बीमारी हितलाभ की राशि (वास्तविक) | अखिल भारतीय औसत से अधिक राज्य सरकार का शेयर |
|---|---|---|---|
| | | रुपये | रुपये |
| 1. | बिहार | 1,20,47,839 | 7,55,840 |
| 2. | मध्य प्रदेश | 2,14,59,728 | 36,19,495 |
| 3 | तमिलनाडु | 8,61,75,747 | 2,75,46,319 |

39. विस्तारित बीमारी हितलाभ (परिशिष्ट 16 के कालम 9 और 10)

39.1 क्षय रोग, कोढ़, मानसिक तथा दुर्लभ रोग आदि जैसे कुछ विशिष्ट रोगों से पीड़ित बीमाकृत व्यक्ति बीमारी हितलाभ के 91 दिन के बाद विस्तारित अवधि के लिए विस्तारित बीमारी नकद हितलाभ प्राप्त करने के पात्र हैं।

39.2 1980-81 वर्ष में इस मद में बीमाकृत व्यक्तियों को 3,81.03 लाख रुपये की राशि अदा की गई जबकि पिछले वर्ष यह राशि 3,25.98 लाख रुपये थी।

39.3 प्रति 1000 जोखिम ग्रस्त कर्मचारी दावों की संख्या और समाप्त दावों की अवधि के रूप में अभिव्यक्त विस्तारित बीमारी हितलाभ दावों की घटनाएं 1979-80 तथा 1980-81 वर्षों के लिए परिशिष्ट 16 के कालम 9 तथा 10 में दिखाई गई है। ये घटनाएं मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा पश्चिमी बंगाल में अधिक रहीं।

40 प्रसूति हितलाभ (परिशिष्ट 16 के कालम 11 और 12)

40.1 प्रसूति हितलाभ के लिए पात्र महिला कर्मचारियों की संख्या 1979-80 में 4,58,600 थी जो 1980-81 में बढ़कर 4,62,700 हो गई है। प्रसूति दावों के रूप में अदा की गई कुल राशि 2,11.06 लाख रुपये थी जबकि 1979-80 में यह राशि 1,94.91 लाख रुपये थी। प्रति प्रसूति दावा हितलाभ की औसत राशि 1979-80 में 860 रुपये थी जो 1980-81 में बढ़कर 960 रुपये हो गई है।

40.2 प्रति 100 बीमाकृत महिला कर्मचारी दावों की संख्या 1979-80 में 49.4 थी जो 1980-81 में घटकर 47.5 रह गई है।

41. अस्थायी अपंगता हितलाभ (परिशिष्ट 17 के कालम 3 से 6)

1980-81 वर्ष के दौरान रोजगार चोट से ग्रस्त कर्मचारियों की संख्या 61.58 लाख थी जबकि 1979-80 में यह संख्या 58.99 लाख थी (देखिये कालम 3)। 1980-81 वर्ष में अस्थायी अपंगता हितलाभ के रूप में अदा की गई राशि 8,66.57 लाख रुपये थी जबकि 1979-80 वर्ष में यह राशि 6,93.68 लाख रुपये थी। नई अवधियों की औसत संख्या तथा प्रति कर्मचारी हितलाभ दिनों की संख्या और औसत हितलाभ दर क्रमशः 0,08,1.19 तथा 11.79 रुपये है जबकि 1979-80 वर्ष तदनुरूपी आंकड़े क्रमशः 0.07, 1.10 तथा 10.72 रुपये थे (देखिये कालम 4 से 6) प्रति अवधि औसत काल 14.66 से बढ़कर 14.84 दिन हो गया। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी विभिन्न राज्यों में इन दावों की घटनाओं और काल में घट-बढ़ रही। ये घटनाएं गुजरात, मध्य प्रदेश, तथा पश्चिमी बंगाल में अधिक रहीं।

42 स्थायी अपंगता हितलाभ (परिशिष्ट 18 के कालम 7 से 10)

42.1 1980-81 वर्ष में स्वीकृत नये मामलों की संख्या 20,792 थी जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 15,622 थी। प्रति 1000 बीमाकृत

कर्मचारी घटनाएं 1979-80 की 2.65 से बढ़कर 1980-81 में 3.38 हो गई।

42.2 वर्ष के आरंभ में निधि के दावेदारों की संख्या 41,736 थी जो वर्ष के अन्त में बढ़कर 45,982 हो गई (देखिये कालम 10) । हितलाभ के रूप में वास्तव में संवितरित राशि 7,28.96 लाख रुपये (3,67 30 लाख रुपये की रूपान्तरित राशि सहित) थी जबकि 1979-80 वर्ष मे यह राशि 5,78.70 लाख रुपये (291.20 लाख रुपये की रूपान्तरित राशि सहित) थी ।

42.3 1-4-78 से पहले हुई अपंगता के मामलों में 1-4-80 से हितलाभो की दरो मे वृद्धि के कारण एक बार समायोजन के रूप में 2,70.42 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि को छोड़कर वर्ष के दौरान स्वीकार किए गए नए मामलो मे संबंधित स्थायी अपंगता हितलाभ दावों का पूंजीकृत मूल्य 900 45 लाख रुपये था जबकि 1979-80 वर्ष में यह 6,50.83 लाख रुपये था । वर्ष के अंत में स्थायी अपंगता हितलाभ आरक्षित निधि 24,99.31 लाख रुपये थी जबकि वित्तीय वर्ष के आरम्भ में तदनुरूपी राशि 20,05.66 लाख रुपये थी ।

42.4 आवधिक अदायगियों के बदले रूपान्तरित मूल्य लेने का विकल्प करने वाले स्थायी अपंगता हितलाभ के दावेदारों की संख्या 1979-80 में 10,477 थी जो 1980-81 वर्ष में बढ़कर 13,378 हो गई ।

43. स्थायी अपंगता हितलाभ दावे (परिशिष्ट-18)

43.1 वर्ष के दौरान स्वीकार किए गए स्थायी अपंगता के 20,792 मामलो का (क) उद्योग के मुख्य समूहों तथा (ख) उद्योगवार प्रदर्शित प्रति 1000 कर्मचारी दावों की घटनाओं के अनुसार विश्लेषण किया गया था। पिछले वर्ष की तरह दुर्घटनाओं की सबसे अधिक संख्या "वस्त्र उद्योग" में पाई गई तथा इसके बाद "धात्विक खनिज" और "गैर धात्विक खनिज" का स्थान रहा व्यय भार "वस्त्र उद्योग" में अधिक है । 1979-80 वर्ष के तदनुरूपी व्यय-भार की तुलना में यह देखा गया है कि इस वर्ष अनुभव किया गया व्यय भार अधिकांश उद्योगों में पिछले वर्ष अनुभव किए गए व्यय भार से काफी कुछ मिलता जुलता है ।

43.2 स्थायी अपंगता की औसत डिग्री 8.18 अनुभव की गई जबकि पिछले वर्ष यह 8.37 थी । अधिकतम दुर्घटनाये आठवे मजदूरी ग्रुप, यानी 16 रुपये और 24 रुपये की बीच दैनिक मजदूरी ग्रुप मे हुई ।

43.3 महिला कर्मचारियों में स्थायी अपंगता हितलाभ के मामलों की संख्या केवल 156 रही । इन घटनाओं के कम होने का कारण संभवत: यह है कि महिलाओं को आम तौर पर जोखिम वाले व्यवसायों पर नही लगाया जाता है ।

44. आश्रितजन हितलाभ (परिशिष्ट 17 के कालम 11 और 12)

44.1 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आश्रितजन हितलाभ के लिए स्वीकार किए गये दावों की संख्या में वृद्धि हुई । 1979-80 वर्ष मे 525 दावे स्वीकार किए गए थे जबकि इस वर्ष यह संख्या 926 हो गई (देखिए कालम 11) वर्ष के दौरान स्वीकार किए गए आश्रितों की कुल संख्या 2643 थी।

44.2 वर्ष के आरम्भ और अन्त में सभी आश्रितों का श्रेणीवार विवरण इस प्रकार है :

| विवरण | 31 मार्च को | |
|---|---|---|
| | 1980 | 1981 |
| 1 | 2 | 3 |
| विधवा | 5,437 | 6,143 |
| पुत्र और पुत्री | 8,995 | 10,231 |
| पिता | 821 | 9 55 |
| माता | 1,088 | 1,263 |
| अन्य आश्रित बच्चे | 761 | 878 |
| जोड़ | 17,102 | 19,470 |

44.3 आश्रितजन हितलाभ के रूप में अदा की गई राशि 1979-80 में 1,18.59 लाख रुपये थी जो 1980-81 में बढ़कर 1,40.82 लाख रुपये हो गई है 1-4-78 से पहले हुई मृत्यु के मामलों मे 1-4-80 से हितलाभों की दरों में वृद्धि के कारण एक बार समायोजन के रूप में 1,59.58 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि को छोड़कर वर्ष के दौरान स्वीकार किए गए आश्रितजन हितलाभ दावों का पूंजीकृत मूल्य 3,11.36 लाख रुपये था जबकि 1979-80 वर्ष में यह 1,76.48 लाख रुपये था । 31 मार्च, 1981 को आश्रितजन हितलाभ आरक्षित निधि 15,08.59 लाख रुपये थी जबकि 31 मार्च, 1980 को यह राशि 11,48.83 लाख रुपये थी ।

45. अंशदानों से आय

1980-81 वर्ष के दौरान अंशदान के रूप में कुल 1,79,76,56,540 रुपये की राशि एकत्र की गई ।

46. अंश दान एकत्र करने का तरीका

आरंभ से अंशदान चिपकाई जाने वाली कर्मचारी राज्य बीमा टिकटों के रूप में एकत्र किये जाते थे जो निगम के बैंकरों के माध्यम से बेची जाती थीं । लेकिन दिनांक 30-11-75 से दिल्ली क्षेत्र में अंशदान टिकटों के स्थान पर नकद रूप में अंशदान एकत्र करने की प्रणाली पहली बार प्रयोगात्मक आधार पर शुरू की गई थी तथा बाद मे चरणबद्ध रीति में अन्य क्षेत्रों में इसे शुरू किया गया । जिन क्षेत्रों में यह प्रणाली संतोषजनक रूप में चालू पाई गई थी, उनसे प्राप्त अनुभव से प्रोत्साहित होकर अब नकद प्रणाली सारे देश में शुरू कर दी गई है । इसके अलावा, फैंकिंग मशीन का प्रयोग करने वाले नियोजकों जिनकी संख्या 621 है, से भी अंशदानों की अदायगी की नकद प्रणाली शुरू करने का निवेदन किया जा रहा है ।

47. निरीक्षण

समीक्षाधीन वर्ष में मुख्यालय ने निरीक्षण की प्रगति पर कड़ी निगरानी रखी । निरीक्षकों ने नियोजकों तथा उनके कर्मचारियों को रिकार्ड रखने और कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम उसके अंतर्गत बनाये गए विनियमों के विभिन्न उपबन्धों का पालन करने में मार्गदर्शन करना तथा प्रशिक्षण देना जारी रखा ।

वर्ष के अन्त में 37 छुट्टी रिजर्व निरीक्षकों सहित कुल मिलाकर 411 बीमा निरीक्षक थे । वर्ष के दौरान कुल मिलाकर 49543 निरीक्षण किए गए।

48. कर्मचारी राज्य बीमा अकायों की वसूली

31-3-1981 की स्थिति के अनुसार नियत दिवस से 29-11-80 तक चूककर्ता नियोजकों पर कुल 4123.56 लाख रुपय की राशि बकाया थी । 31-3-1981 की स्थिति के अनुसार एक लाख रुपये तथा अधिक कर्मचारी राज्य बीमा बकायों वाले चूककर्ता कारखानों स्थापनाओं के सूचक क्षेत्रवार विवरण क्रमश: परिशिष्ट 20 तथा 21 पर हैं ।

कर्मचारी राज्य बीमा अंकायो की वसूली पर निगम द्वारा विशेष ध्यान दिलाया जाता रहा है और इनकी अधिकतम सीमा तक वसूली के हर संभव प्रयास किये गये ।

कानूनी कार्रवाई

वर्ष के दौरान दायर किए गए न्यायालय/राजस्व वसूली मामलों से संबंधित राशि तथा कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अधीन वसूल की गई राशि परिशिष्ट 19 में राज्य-वार दिखाई गई है ।

50. बजट तथा वित्त

1981-82 वर्ष के बजट प्राक्कलन निगम द्वारा 7-2-1981 को हुई अपनी बैठक में स्वीकार किए गए । इन प्राक्कलनों के लिए केन्द्रीय सरकार का अनुमोदन 31-3-1981 को जारी किया गया । बजट प्राक्कलन लोक सभा तथा राज्य सभा के पटल पर क्रमशः 8 अप्रैल, 1981 तथा 23 अप्रैल, 1981 को प्रस्तुत किये गये ।

निम्नलिखित तालिका में 1979-80, 1980-81 वर्ष के दौरान निगम की आय तथा व्यय तथा 1981-82 के बजट प्राक्कलनों को दिखाया गया है ।

| लेखा शीर्ष | 1979-80 (लाख रुपयों में) | 1980-81 | 1981-82 (बजट प्राक्कलन) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **1. आय** | | | |
| अंशदान | 1,59,76.04 | 1,79,76.57 | 1,88,80.00 |
| अन्य आय (सामान्य रोकड़ शेष के निवेश पर ब्याज, अस्पतालों, औषधालयों तथा स्टाफ क्वार्टरों के किराये से आय तथा अन्य विविध आय) | 10.03.00 | 13,44.96 | 13,61.47 |
| जोड़ | 1,60 79.04 | 1,93,21.53 | 2,02,41.47 |
| **2. व्यय** | | | |
| बीमाकृत व्यक्तियों तथा उनके परिवारों को हितलाभ | | | |
| क. चिकित्सा हितलाभ | 63,59.27 | 71,78.51 | 79,98.88 |
| ख. नकद हितलाभ | 63,55.33 | 80,41.45 | 77,60.46 |
| ग. अन्य हितलाभ | 17 32 | 21.68 | 22.14 |
| प्रशासनिक व्यय | 11,37.56 | 14,10.42 | 15,38.99 |
| अन्य व्यय | | | |
| (1) अस्पतालों, औषधालयों, कार्यालय भवनों तथा स्टाफ क्वार्टरों की मरम्मत व अनुरक्षण तथा मूल्यह्रास के लिये व्यवस्था | 20,49 41 | 21,53 82 | 23,28.12 |
| (2) पूंजीगत निर्माण तथा आपात आरक्षित निधि में अंशदान | | | |
| जोड़ | 1,59,18.79 | 1,83,05.38 | 1,96,48.59 |

51. बैंक व्यवस्था

निगम के कार्यालयों के लिये वर्ष के दौरान भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं में 23 बैंक खाते तथा राष्ट्रीयकृत बैंक, यूनाइटिड बैंक आफ इंडिया में 1 खाता खोला गया । 31 मार्च, 1981 को बैंक खातों की कुल संख्या 556 थी ।

कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा अंशदान टिकटों के माध्यम से अदायगी के स्थान पर नकद रूप में अंशदान एकत्र करने की पद्धति के संपूर्ण देश में प्रसार के परिणामस्वरूप 31-3-1981 की स्थिति के अनुसार कर्मचारी राज्य बीमा अंशदान टिकटों की बिक्री करने वाली बैंक शाखाओं की कुल संख्या 405 ही बनी हुई है । कर्मचारी राज्य बीमा अंशदान टिकट खातों का समाधान करने के तुरन्त बाद ये खाते बंद कर दिये जायेंगे ।

52. आरक्षित निधियां तथा निवेश

31 मार्च, 1980 तथा 31 मार्च, 1981 की स्थिति के अनुसार विभिन्न निधियों/आरक्षित निधियों तथा सामान्य रोकड़ शेष निगम के निवेश निम्न प्रकार थे :—

| निधि/बकाया राशि का नाम | 31-3-80 की स्थिति के अनुसार | 31-3-81 की स्थिति के अनुसार |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| | | (लाख रुपयों में) |
| 1. कर्मचारी राज्य बीमा निगम भविष्य निधि | 5,21 25 | 6,18.92 |
| 2. कर्मचारी राज्य बीमा निगम ग्रुप बीमा निधि | 4.39 | 7.66 |
| 3. भविष्य निधि जमा से जुड़ी बीमा निधि | 1.66 | 1.94 |
| 4. अनुकंपा आरक्षित निधि | 0.26 | 0.25 |
| 5. पेंशन आरक्षित निधि | 9,39.20 | 10,10.12 |
| 6. निगम के कार्यालय भवनों (स्टाफ क्वार्टरों सहित) की मूल्यह्रास आरक्षित निधि | 40.43 | 45.55 |

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 7 अस्पताल भवनों की मूल्यह्रास आरक्षित निधि | 4,61 80 | 5,20 13 |
| 8 स्टाफ कारों की मूल्यह्रास आरक्षित निधि | 6.22 | 6 38 |
| 9. निगम के कार्यालय भवनों (स्टाफ क्वार्टरों सहित) की मरम्मत तथा अनुरक्षण आरक्षित निधि | 26 03 | 35.06 |
| 10. अस्पताल भवनों की मरम्मत तथा अनुरक्षण आरक्षित निधि | 5,63.04 | 6,55.76 |
| 11 स्थायी (आंशिक तथा पूर्ण) अपंगता हितलाभ आरक्षित निधि | 20,05 65 | 24,99 31 |
| 12. आश्रितजन हितलाभ आरक्षित निधि | 11,48 83 | 15,08 59 |
| 13 पूंजीगत निर्माण आरक्षित निधि | 47,26.24 | 56,41.79 |
| 14. आपात आरक्षित निधि | 38,91.86 | 40,20 70 |
| 15. सामान्य रोकड़ शेष का निवेश | 1,32,48.10 | 1,32,06.63 |
| जोड़ | 2,75,84.96 | 2,97,78.73 |

निर्धारित आरक्षित निधियों तथा अनिर्धारित आरक्षित निधियों के अन्तर्गत राशि के ब्यौरे निम्न प्रकार हैं :—

| | | |
|---|---|---|
| निर्धारित आरक्षित निधियां (पूंजीगत निर्माण आरक्षित निधि) सहित) | 104,45.00 | 125,51. 40 |
| अनिर्धारित आरक्षित निधियां (आपात आरक्षित निधि तथा सामान्य रोकड़ शेष) | 1,71,39.96 | 1,72,27. 33 |
| जोड़ | 2,75,84.96 | 2,97,78. 73 |

ऊपर क्रम संख्या 1 से 12 पर उल्लिखित आरक्षित निधियां निगम की संबंधित देयताओं को पूरा करने के लिए हैं। इन निधियों में वार्षिक वृद्धि मान्यता प्राप्त/अनुमोदित आधार /मानदण्ड पर की जाती है। पूंजीगत निर्माण आरक्षित निधि तथा आपात आरक्षित निधि में वार्षिक अंशदान निम्नलिखित आधार पर किया जाता है।

पूंजीगत निर्माण आरक्षित निधि

निगम ने 2 फरवरी, 1974 को हुई अपनी बैठक में निर्णय किया था कि नियोजक तथा कर्मचारी अंशदान से प्राप्त कुल राजस्व 10 प्रतिशत से 12 के अनुपात में क्रमशः अस्पताल/औषधालय/अन्य चिकित्सा संस्थानों तथा कार्यालय भवनों/स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण के लिए पूंजीगत निर्माण आरक्षित निधि में जमा किया जाए।

आपात आरक्षित निधि

निगम द्वारा 17 मार्च, 1973 को हुई अपनी बैठक में किए गए निर्णय के अनुसार व्यय से अधिक आय का 20 प्रतिशत (एक करोड़ रुपये से कम की स्थिति में अधिक्य की पूरी राशि) आपात आरक्षित लेखे में जमा किया जाता है।

निधियों के निवेश के ब्यौरे निम्न प्रकार हैं :—

| | 31-3-80 की स्थिति के अनुसार | 31-3-81 की स्थिति के अनुसार |
|---|---|---|
| | | (लाख रुपयों में) |
| सरकार की प्रतिभूतियां | 2,35 34 | 1,95.71 |
| भारतीय स्टेट बैंक में मियादी जमा | 2,73,49 62 | 2,95,82.99 |
| जोड़ | 2,75,84 96 | 2,97,78.73 |

## 53. 1980-81 वर्ष का आय-व्यय लेखा तथा 31 मार्च, 1981 की स्थिति के अनुसार तुलन पत्र

1980-81 वर्ष का आय-व्यय लेखा तथा 31 मार्च, 1981 की स्थिति के अनुसार तुलन पत्र क्रमशः परिशिष्ट 22 तथा 23 में दिए गए हैं।

54. लेखा परीक्षा रिपोर्ट

निदेशक लेखा परीक्षा, केन्द्रीय राजस्व ने निगम के 1979-80 वर्ष के लेखों की लेखा परीक्षा रिपोर्ट श्रम मन्त्रालय को 13 दिसम्बर, 1980 को भेजी थी। स्थायी समिति ने दिनांक 13 दिसम्बर, 1980 को हुई बैठक में लेखा परीक्षित लेखों पर विचार किया तथा निगम को उन्हें स्वीकार करने की सिफारिश की। 14 दिसम्बर, 1980 को निगम द्वारा स्वीकार करने के बाद परीक्षित लेखे दिनांक 20 दिसम्बर, 1980 को केन्द्रीय सरकार को भेज दिये गये थे। इन्हें लोक सभा तथा राज्य सभा के पटल पर 19 फरवरी, 1981 को प्रस्तुत किया गया था।

55. प्रशासन की सापेक्ष लागत

परिशिष्ट 24 पर दिये गये विवरणों में 1975-76 वर्ष से 1980-81 वर्ष के दौरान प्रशासन की सापेक्ष लागत दिखाई गई है। प्रति एक लाख बीमाकृत कर्मचारी कर्मचारी राज्य बीमा निगम स्टाफ की संख्या, प्रति कर्मचारी राज्य बीमा कर्मचारी हितलाभ अवायगियों की संख्या से संबंधित सूचना तथा नकद व चिकित्सा हितलाभों की लागत और वसूल किए गए अंशदानों की राशि के अनुपात में 1976-77 से 1980-81 के वर्षों के दौरान प्रशासन का तुलनात्मक खर्च नीचे दिया गया है :—

| | 1976-77 | 1977-78 | 1978-79 | 1979-80 | 1980-81 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. प्रति एक लाख बीमाकृत कर्मचारी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम स्टाफ की संख्या . . . . | 160 | 168 | 167 | 173 | 170 |
| 2. प्रति कर्मचारी राज्य बीमा निगम कर्मचारी नकद हितलाभ प्रदायगियों की संख्या . . | 656 | 770 | 818 | 827 | 884 |
| 3. प्रति कर्मचारी राज्य बीमा निगम कर्मचारी वसूल किया गया अंशदान . . . . . | 1,42,621 रु० | 1,41,258 रु० | 1,51,065 रु० | 1,54,597 रु० | 1,67,235 रु० |
| 4. नकद व चिकित्सा हितलाभों की तुलना में प्रशासनिक व्यय की प्रतिशतता . . . . | 12.38 प्रतिशत | 10.98 प्रतिशत | 9.40 प्रतिशत | 8.93 प्रतिशत | 9.25 प्रतिशत |
| 5. अंशदान की तुलना में प्रशासनिक व्यय की प्रतिशतता . | 6.98 प्रतिशत | 7.24 प्रतिशत | 6.78 प्रतिशत | 7.12 प्रतिशत | 7.85 प्रतिशत |

परिशिष्ट--I

1980-81 वर्ष के दौरान कर्मचारी राज्य बीमा योजना का विस्तार

भाग-क---नए क्षेत्रों में कार्यान्वयन

| राज्य | केन्द्र/क्षेत्र | कार्यान्वयन की तारीख | कर्मचारियों की संख्या (अनन्तिम/आंकड़े) | परिवारों के लिए चिकित्सा देखरेख: विस्तार की तारीख | परिवारों के लिए चिकित्सा देखरेख: शामिल किए गए परिवार (बीमाकृत व्यक्ति) एककों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| कर्नाटक . . . | बीजापुर | 7-12-1980 | 1300 | 7-12-1980 | 1400 |
| केरल . . . | इडाप्पल | 8-2-1981 | 1000 | 8-2-1981 | 1100 |
| | वेल्लूर | 15-2-1981 | -- | 15-2-1981 | -- |
| | कारीकोड | 22-3-1981 | -- | 22-3-1981 | |
| मध्य प्रदेश . | सागर | 28-12-1980 | 500 | 28-12-1980 | 650 |
| महाराष्ट्र . . . | पुना जिले में मंजरी धर्गांव तथा भडावा के राजस्व गांव | 24-8-1980 | -- | 24-8-1980 | -- |
| मेघालय . . . | शिलौंग | 28-9-1980 | 1000 | 28-9-1980 | 1100 |
| उड़ीसा . . . | मोगा | 25-1-1981 | 2000 | 25-1-1981 | 2150 |
| | प्रदीप | 1-3-1981 | 2000 | 1-3-1981 | 2150 |
| | कालंगा | 1-3-1981 | 2500 | 1-3-1981 | 2650 |
| | धनमंडल | 15-3-1981 | 2000 | 15-3-1981 | 2150 |
| पंजाब . . . | लुधियाना के [illegible] नगरपालिका सीमा से | 24-8-1980 | 2400 | 29-8-1980 | 3000 |
| | अमृतसर, कपूरथला जिले में शेखपुरा | 9-11-1980 | -- | 9-11-1980 | -- |
| | होशियारपुर की वर्धित नगर- | 7-12-1980 | 350 | 7-12-1980 | 350 |
| | पालिका सीमाएं, मलेरकोटला की वर्धित, | 7-12-1980 | 1200 | 7-12-1980 | 1500 |
| | नगरपालिका सीमाएं, आजमगढ़ तथा | 18-1-1981 | -- | 18-1-1981 | -- |
| | शेखोन के राजस्व गांव (अमृतसर के निकटवर्ती गांव | 1-3-1981 | -- | 1-3-1981 | -- |
| राजस्थान . | बांसवाड़ा | 22-6-1980 | 1400 | 22-6-1980 | 1750 |
| | देवारी | 22-6-1980 | 1600 | 22-6-1980 | 2000 |
| | धमनी | 7-9-1980 | 700 | 7-9-1980 | 900 |
| | भीलवाड़ा | 21-9-1980 | 50 | 21-9-1980 | 50 |
| | गुलाबपुरा | 21-9-1980 | 2100 | 21-9-1980 | 2650 |
| | विश्वकर्मा | 26-10-1980 | 2100 | 26-10-1980 | 2650 |
| | कांकरोली | 21-12-1980 | 1300 | 21-12-1980 | 1650 |
| तमिलनाडु . . | मामूली चोपदर्ग तथा पीरफाकय | 3-8-1980 | -- | 3-8-1980 | -- |
| उत्तर प्रदेश . . | मुरादनगर | 19-10-1980 | 800 | 19-10-1980 | 900 |
| | [illegible] (आगरा) | 28-12-1980 | -- | 28-12-1980 | -- |
| प० बंगाल . | आसनसोल तथा रानीगंज | 1-2-1981 | 23000 | 1-2-1981 | 28750 |
| चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र | संघ राज्य क्षेत्र की सीमाओं के अन्दर संपूर्ण इलाका | 23-11-1981 | -- | 23-11-1980 | -- |
| कुल | | | 49300 | | 59500 |

परिशिष्ट–1

भाग-ख—स्थापनाओं के नए वर्गों पर कर्मचारी राज्य बीमा योजना का विस्तार

| राज्य | केन्द्र | विस्तार की तारीख | शामिल की गई स्थापनाएं | कर्मचारियों की संख्या (अनन्तिम अनुमानित आंकड़े) | परिवारों के लिए चिकित्सा देख रेख (विस्तार की तारीख) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| केरल | अलायामान, चेंगानूर, पिड़ावूर, इटोला, ईलामंड, कडक्कल, ईराथ और चाड्या-मंगलम् | 7-6-1980 | (1) 10 से 19 व्यक्ति रोजगार में होने वाले विद्युत शक्ति चालित कारखाने,<br>(2) 20 या अधिक व्यक्ति रोजगार में होने वाले गैर-विद्युत चालित कारखाने, और<br>(3) 20 या अधिक व्यक्ति रोजगार में होने वाले होटल, रेस्तरां दुकानें, सड़क मोटर परिवहन स्थापनाएं, सिनेमा तथा पूर्व-दर्शन थियेटर और समाचारपत्र स्थापनाएं | 4670 | 7-6-1980 |
| राजस्थान | बैछवाल | 27-12-1980 | —वही— | 50 | 27-12-1980 |
| उत्तर प्रदेश | आगरा, इलाहाबाद (नैनी सहित), बम्बरोली, लखनऊ तथा बनारस | 14-3-1981 | —वही— | 21500 | 14-3-1981 |
| | | | | 26220 | |

परिशिष्ट 2

कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल तथा अनेक्सियां

| क्रम संख्या | राज्य | स्थान | बिस्तरों की संख्या: सामान्य | बिस्तरों की संख्या: आरोग्य | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4(1) | 4(2) | 5 |
| अस्पताल | | | | | |
| 1. | आन्ध्र प्रदेश | हैदराबाद | 310 | -- | |
| 2. | आन्ध्र प्रदेश | सीरपुर कागजनगर | 110 | -- | |
| 3 | आन्ध्र प्रदेश | विशाखापतनम | 100 | -- | |
| 4. | आन्ध्र प्रदेश | अडोनी | 50 | -- | |
| 5. | आन्ध्र प्रदेश | वारंगल | 50 | -- | |
| 6. | आन्ध्र प्रदेश | विजयवाड़ा | 100 | 10 | |
| 7. | बिहार | मैथोन | 110 | -- | |
| 8. | बिहार | भगोर | 30 | -- | |
| 9. | बिहार | डालमियां नगर | 72 | -- | |
| 10. | दिल्ली | दिल्ली | 400 | -- | |
| 11. | गुजरात | नारोदा, अहमदाबाद | -- | 300 | |
| 12. | गुजरात | बापूनगर, अहमदाबाद | 500 | -- | |
| 13. | हरियाणा | फरीदाबाद | 188 | -- | |
| 14. | हरियाणा | यमुनानगर | 60 | -- | |
| 15. | हरियाणा | पानीपत | 15 | 35 | |
| 16 | केरल | मूलाकुनाठाकावू | -- | 110 | |
| 17. | केरल | असरामम | 115 | -- | |
| 18. | केरल | अलेप्पी | 55 | -- | |
| 19. | केरल | पेरुरकाडा | 75 | -- | |
| 20 | केरल | त्रिचूर | 90 | -- | |
| 21. | केरल | उद्योगमंडल | 150 | -- | |

| 1 | 2 | 3 | 4(1) | 4(2) | (5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 22. | केरल | अर्णाकुलम | 65 | — | |
| 23. | केरल | वाझावयूर | 65 | — | |
| 24. | केरल | पारीपल्ली | 100 | — | |
| 25. | केरल | एलुकोन | 150 | — | |
| 26. | कर्नाटक | राजाजीनगर, बंगलौर | 380 | 40 | |
| 27. | कर्नाटक | डावेगे | 50 | — | |
| 28. | कर्नाटक | मंगलौर | 60 | — | अतिरिक्त 40 बिस्तर निर्माणाधीन है। |
| 29. | मध्य प्रदेश | इन्दौर | 150 | — | |
| 30 | मध्य प्रदेश | इन्दौर | — | 75 | |
| 31. | मध्य प्रदेश | उज्जैन | 85 | 15 | |
| 32. | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | 75 | — | |
| 33. | महाराष्ट्र | एम०जी०एम० अस्पताल, बम्बई | 700 | — | |
| 34. | महाराष्ट्र | वरली, बम्बई | 550 | — | |
| 35. | महाराष्ट्र | कांडीवली, बम्बई | 650 | — | अस्पताल 19-8-1980 को चालू किया गया। |
| 36. | महाराष्ट्र | नागपुर | 200 | — | |
| 37 | महाराष्ट्र | मुलद, बम्बई | 110 | 540 | |
| 38. | महाराष्ट्र | बौन्ध, पूना | 410 | — | |
| 39. | महाराष्ट्र | उल्हासनगर, बम्बई | 200 | | |
| 40. | महाराष्ट्र | अंधेरी बम्बई | 650 | — | |
| 41. | महाराष्ट्र | वाशी, नई बम्बई | 650 | — | |
| 42. | उड़ीसा | चौदवार | 50 | — | |
| 43. | उड़ीसा | कमबहल | 50 | — | |
| 44 | उड़ीसा | बृजराजनगर | 50* | — | |
| 45. | उड़ीसा | जे० के० पुर | 25 | — | |
| 46 | पांडिचेरी | पांडिचेरी | 50 | — | |
| 47. | पंजाब | अमृतसर | 125 | | |
| 48 | पंजाब | लुधियाना | 80 | — | |
| 49 | पंजाब | जालधर | 100 | — | |
| 50. | राजस्थान | जयपुर | 139 | — | |
| 51. | तमिलनाडु | मद्रास | 625 | · | |
| 52. | तमिलनाडु | कोयम्बटूर | 500 | | |
| 53 | तमिलनाडु | मदुरै | 177 | 25 | |
| 54. | तमिलनाडु | दक्षिणी मद्रास | 500** | | |
| 55 | तमिलनाडु | वैल्लौर | 50 | | अस्पताल 8-1-1981 को चालू किया गया |
| 56. | उत्तर-प्रदेश | कानपुर (सामान्य) | 212 | — | |
| 57. | उत्तर-प्रदेश | कानपुर (चैस्ट) | — | 180 | |
| 58. | उत्तर-प्रदेश | कानपुर (महिला तथा शिशु) | 144 | — | |
| 59. | उत्तर-प्रदेश | मोदीनगर | 100 | — | |
| 60. | पश्चिमी बंगाल | कमरहट्टी | 175 | — | |
| 61. | पश्चिमी बंगाल | उत्तूरबल्ली | — | 150 | |
| 62. | पश्चिमी बंगाल | सेरामपुर | 216 | — | |
| 63. | पश्चिमी बंगाल | उलूबेरिया | 216 | — | |
| 64. | पश्चिमी बंगाल | बाल्टीकुरी—नकरा | 416 | — | |
| 65. | पश्चिमी बंगाल | कल्याणी | 266 | — | |
| 66 | पश्चिमी बंगाल | सियालदाह | 250 | — | |
| 67. | पश्चिमी बंगाल | गौरहाटी | 216 | — | |
| 68. | पश्चिमी बंगाल | बाज-बाज | 300 | — | |
| 69. | पश्चिमी बंगाल | मनिकटोला | 500 | — | |
| 70 | पश्चिमी बंगाल | कल्यापुर—आसनसौल | 60 | 90 | अस्पताल 31-3-1981 को चालू किया गया। |
| | जोड़ | | 13,482 | 1,470 | |

* निर्माणाधीन 25 बिस्तर शामिल हैं।

** निर्माणाधीन 294 बिस्तर शामिल हैं।

| 1 | 2 | 3 | 4(1) | 4(1) | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| अनैक्सियां : | | | | | |
| 1. आन्ध्र प्रदेश | | ईरुमनुमा | -- | 24 | |
| 2. बिहार | | हटकी | -- | 20 | |
| 3. हरियाणा | | फरीदाबाद | -- | 12 | |
| 4. हरियाणा | | हिसार | 12 | -- | |
| 5. हरियाणा | | सोनीपत | 12 | -- | |
| 6. हिमाचल प्रदेश | | धर्मपुर | -- | 12 | |
| 7. कर्नाटक | | बंगलौर | -- | 32 | |
| 8. केरल | | पुलायानरकोटा | -- | 24 | |
| 9. महाराष्ट्र | | नागपुर | - | 25 | |
| 10. उड़ीसा | | चौदवार | -- | 12 | |
| 11. उड़ीसा | | राजगंगपुर | 16 | . | अनैक्सी 06-3-80 से चालू की गई। |
| 12. पंजाब | | अमृतसर | -- | 12 | |
| 13. चण्डीगढ़ | | चण्डीगढ़ | 40 | -- | |
| 14. राजस्थान | | जयपुर | -- | 15 | |
| 15. राजस्थान | | बारी उदयपुर | -- | 16 | |
| 16. राजस्थान | | पाली | 12 | -- | |
| 17. राजस्थान | | भीलवाड़ा | 24 | -- | (12 निर्माणाधीन) |
| 18. राजस्थान | | जोधपुर | 20 | -- | |
| 19. राजस्थान | | श्रीगंगानगर | 12 | -- | |
| 20. राजस्थान | | कोटा | 24 | -- | |
| 21. राजस्थान | | उदयपुर | 12 | -- | |
| 22. राजस्थान | | भरतपुर | 24 | -- | (12 निर्माणाधीन) |
| 23. तमिलनाडु | | शिवाकाशी | 12 | -- | |
| 24. तमिलनाडु | | नागरम् | -- | 52 | |
| 25. तमिलनाडु | | काइल पट्टी | 32 | -- | |
| 26. तमिलनाडु | | कालगुडी | 10 | -- | |
| 27. तमिलनाडु | | नागरकोइल | -- | 26 | |
| 28. तमिलनाडु | | कार्तिगेनगर | 10 | -- | |
| 29. उत्तर प्रदेश | | मोदीनगर | -- | 24 | |
| 30. उत्तर प्रदेश | | रामपुर | 24 | -- | |
| 31. उत्तर प्रदेश | | मेरठ | 12 | -- | |
| 32. उत्तर प्रदेश | | मुरादाबाद | 24 | -- | |
| 33. उत्तर प्रदेश | | मिर्जापुर | 24 | -- | |
| 34. उत्तर प्रदेश | | शिकोहाबाद | 24 | -- | |
| 35. उत्तर प्रदेश | | गोरखपुर | 24 | -- | अनैक्सी 13-1-1980 से चालू की गई। |
| जोड़ | | | 404 | 306 | |

## परिशिष्ट 3

31-3-1980 और 31-3-1981 की स्थिति के अनुसार कर्मचारी परिवार एककों को दी गई चिकित्सा देखरेख का स्वरूप

| क्र० सं० | राज्य का नाम | सीमित देखरेख | | विस्तारित देखरेख | | पूर्ण देखरेख | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31-3-80 | 31-3-81 | 31-3-80 | 31-3-81 | 31-3-80 | 31-3-81 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | आन्ध्र प्रदेश | -- | -- | 700 | -- | 2,39,300 | 2,55,000 |
| 2. | असम | | -- | - | -- | 32,000 | 34,000 |
| 3. | बिहार | -- | -- | 1,02,200 | 1,27,850 | 37,800 | 32,150 |
| 4. | चंडीगढ़ | -- | -- | 14,300 | 19,000 | -- | -- |
| 5. | दिल्ली | -- | - | - | | 2,53,000 | 2,78,000 |
| 6. | गुजरात | -- | -- | 1,55,100 | 1,57,150 | 3,94,900 | 4,02,850 |
| 7. | हरियाणा | -- | -- | -- | . | 1,94,000 | 2,05,000 |
| 8. | हिमाचल प्रदेश | -- | -- | [illegible] | [illegible] | | - |
| 9. | कर्नाटक | -- | -- | [illegible] | | [illegible] | [illegible] |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10. | केरल तथा माही | — | — | — | — | 3,08,000 | 3,20,000 |
| 11. | मध्य प्रदेश | — | — | — | — | 1,60,000 | 1,75,000 |
| 12. | महाराष्ट्र | | | | | | |
| | (क) बम्बई क्षेत्र | — | — | — | — | 11,46,000 | 11,70,000 |
| | (ख) गोआ क्षेत्र | — | — | — | — | 19,500 | 20,000 |
| | (ग) नागपुर | — | — | 31,100 | 37,550 | 43,900 | 47,450 |
| | (घ) पुना क्षेत्र | — | — | 52,500 | 64,800 | 1,92,500 | 1,92,200 |
| 13. | उड़ीसा | — | — | — | — | 1,09,000 | 1,21,000 |
| 14. | पाण्डिचेरी | — | — | — | — | 15,000 | 17,000 |
| 15. | पंजाब | — | — | — | — | 1,65,000 | 1,80,000 |
| 16. | राजस्थान | — | — | — | — | 1,24,000 | 1,40,000 |
| 17. | तमिलनाडु | — | — | — | — | 4,50,000 | 4,75,000 |
| 18. | उत्तर प्रदेश | 23,800 | 23,600 | — | — | 4,21,200 | 4,41,400 |
| 19. | पश्चिमी बंगाल | — | — | 6,31,600 | 6,61,750 | 3,53,400 | 4,13,250 |
| | जोड़ | 23,800 | 23,600 | 10,62,200 | 10,69,300 | 48,97,000 | 52,39,300 |

परिशिष्ट-4

1980-81 वर्ष के दौरान कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

13 दिसम्बर, 1980 :

निगम ने अपनी बजट तथा लेखा उप-समिति और सामान्य प्रयोजन उप-समिति का पुनर्गठन किया ।

14 दिसम्बर, 1980 :

1. निगम ने कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम 75 के अन्तर्गत चिकित्सा बोर्ड, विशेष चिकित्सा बोर्ड का गठन करने के लिये महानिदेशक को शक्तियां प्रदान कीं ।

2. निगम ने कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 की तीसरी अनुसूची के भाग "ग" में शामिल निम्नलिखित रोगों के संबंध में निरंतर रोजगार की अवधि के संबंध में प्रस्ताव का अनुमोदन किया :—

| व्यावसायिक रोग | कर्मचारियों को जितनी अवधि के लिये निरन्तर रोजगार में रहना चाहिए |
|---|---|
| 1. सिलिकोसिस | छह मास |
| 2. कोयला खनिकों की फुफ्फुस धूलिमयता | सात वर्ष |
| 3. एस्बेस्टोसिस | तीन वर्ष |
| 4. धूलियमयता | तीन वर्ष |
| 5. बाइसिनोसिस | सात वर्ष |
| 6. पुरानी सूखी घास की धूल से अन्दर सांस लेना अथवा पुरानी मिट्टी से उत्पन्न अन्य रोग तथा ऐसे रोग लक्षण और चिह्न जिससे श्वास फुफ्फुसीय प्रणाली के बाह्य भाग में प्रतिक्रिया हो सकती हो तथा गैस केन्द्र में खराबी को बढ़ावा देने वाले हों, के कारण फारमर का फुफ्फुसीय रोग | छह मास |
| 7. न्यूमोकोनिओसिस | सात वर्ष |

3. निगम ने चिकित्सा देख-रेख की हकदारी से संबंधित सामान्य नियमों के अंतर्गत के अलावा अपनी मृत्यु के समय अन्यथा चिकित्सा हितलाभ प्राप्त करने वाले मृत बीमाकृत व्यक्ति के संबंध में अन्त्येष्टि हितलाभ प्रदान करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया ।

4. निगम ने कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम की धारा 45-क के अंतर्गत तथा उपबन्धित कारखानों/स्थापनाओं के कर्मचारियों के संबंध में अंशदान की राशि निर्धारित करने के लिये कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम की धारा 94-क के अंतर्गत शक्तियों का प्रत्यायोजन करने के संबंध में निम्नलिखित संकल्प स्वीकार किया :—

"संकल्प किया जाता है कि देय अंशदानों की राशि आदेश द्वारा निर्धारित करने के लिये धारा 45-क के अधीन निगम की शक्तियां निम्न प्रकार प्रयोग की जायेंगी :—

(i) भारत में किसी भी स्थान पर स्थित कारखानों/स्थापनों के संबंध में महानिदेशक द्वारा,

(ii) अपने क्षेत्र के अन्दर स्थित किसी कारखाने/स्थापना के संबंध में क्षेत्रीय निदेशक द्वारा,

(iii) अपने कार्यभार में/अपने क्षेत्र में आने वाले इलाके के अन्दर स्थित किसी कारखाने/स्थापना के संबंध में संयुक्त क्षेत्रीय निदेशक/उप-क्षेत्रीय निदेशक तथा सहायक क्षेत्रीय निदेशक द्वारा ।

5. कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने 1.4.80 से चिकित्सा हितलाभ पर व्यय की अधिकतम सीमा को बढ़ाने के संबंध में स्थायी समिति द्वारा दिनांक 11-7-80 को हुई बैठक में लिये निर्णय के लिये कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया है :—

(क) (i) प्रतिबन्धित चिकित्सा देख रेख पर व्यय 70/- रुपये प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष लागू रहेगा ।

(ii) विस्तृत चिकित्सा देख रेख पर व्यय 85/- रुपये प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष लागू रहेगा ।

(iii) पूर्ण चिकित्सा देख-रेख पर व्यय 115/-रु० से बढ़ाकर 120 रु० प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष कर दिया जाय ।

(ख) कर्मचारी राज्य बीमा योजना से प्रभावित कर्मचारी राज्य बीमा निगम के स्वामित्व में आने वाले नगरों का किराया व्यय की अधिकतम सीमा से बाहर रखा जाए तथा राज्य सरकार तथा निगम के बीच निर्धारित अनुपात में शेयर किया जाये ।

(ग) दवाइयों तथा औषधियों पर 25/- रु० से बढ़ाकर दिया गया 50/- रु० से अनधिक प्रतिवर्ष प्रति कर्मचारी व्यय अधिकतम सीमा के ऊपर भी दिया जाना जारी रखा जाये।

(घ) कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों/अनैक्सियों/वार्डों/बिस्तरों के लिये प्रारम्भिक उपस्कर व्यवस्था और चालू कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में नये विभाग खुलने के कारण अतिरिक्त उपस्कर की व्यवस्था तथा एक्सरे मशीन आदि जैसे कीमती उपस्कर के बदलने पर खर्च को अधिकतम सीमा के बाहर रखना जारी रखा जाए लेकिन राज्य सरकार तथा निगम के बीच निर्धारित अनुपात मे शेयर किया जाये।

(ङ) कर्मचारी राज्य बीमा भत्ते सहित अन्य कोई व्यय पहले की तरह अधिकतम सीमा के अन्दर जारी रखा जाये। इस प्रकार अधिकतम सीमा के ऊपर कोई व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाना रहेगा।

6. कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने 1980 में बीमा चिकित्सा व्यवसायियों को देय प्रति व्यक्ति फीस का 30/- रु० से बढ़ाकर 40/- रु० प्रति बीमाकृत व्यक्ति परिवार एकक प्रतिवर्ष करने के स्थायी समिति को दिनांक 11-7-80 को हुई बैठक में लिए गए निर्णय का अनुमोदन किया।

7. स्थायी समिति की सिफारिशों के अनुसार कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने परिशोधित फार्माकोपिया तथा कर्मचारी राज्य बीमा संस्थानों में उसके परिचालन का अनुमोदन किया।

8. कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने स्थायी समिति की इस सिफारिश को स्वीकार किया कि एलापैथी के अलावा अन्य प्रणाली में लाभार्थियों को उपचार की सुविधाएं देने के लिये मौजूदा निर्णय को निम्नलिखित परिस्थितियों में जारी रखा जाये और दोनों प्रणालियों को मिलाकर चलाने की अनुमति न दी जाये

(क) जहां इस प्रणाली के लिये काफी संख्या में कर्मचारियों द्वारा मांग की गई हो तथा,

(ख) जहां राज्य सरकार ने ऐसी प्रणाली में योग्यता को मान्यता दे दी है,

9. स्थायी समिति की सिफारिशों के अनुसार कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने निम्नलिखित का अनुमोदन किया :—

(i) एम्बुलैंस सेवाओं में सुधार :

योजना के अन्तर्गत एम्बुलैंस गाड़ियों की व्यवस्था के संबंध में यार्ड स्टिक का निम्न प्रकार परिशोधन किया जाना चाहिए :—

| | |
|---|---|
| (क) 10,000 से कम लेकिन 7,000 से अधिक कर्मचारियों वाले केन्द्रों के लिये | मैटाडार जैसी छोटी गाड़ी जिसे एम्बुलैंस के रूप में प्रयोग किया जा सके |
| (ख) 10,000 अथवा अधिक कर्मचारियों वाले केन्द्रों के लिये | एक एम्बुलैंस |
| (ग) 30,000 अथवा अधिक कर्मचारियों वाले केन्द्रों के लिये | दो एम्बुलैंस |
| (घ) 60,000 अथवा अधिक कर्मचारियों वाले केन्द्रों के लिये | तीन एम्बुलैंस |
| (ङ) 1,00,000 कर्मचारियों वाले केन्द्रों के लिये | चार एम्बुलैंस |
| (च) 1 लाख से अधिक कर्मचारियों वाले केन्द्रों के लिये | प्रत्येक 50,000 कर्मचारियों के लिये एक अतिरिक्त एम्बुलैंस |

एक एम्बुलैंस गाड़ी के लिये स्वीकार्य अधिकतम स्टाफ में तीन चालक तथा छह क्लीनर-कम-स्ट्रैचर वाहक प्रति गाड़ी होना चाहिये ताकि उनका चौबीसों घन्टे उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

(ii) विशेषज्ञ सेवाओं में सुधार :

(क) 50 बिस्तर वाले अस्पतालों सहित छोटे कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में भी विकलांग विज्ञान तथा शिशुरोग विज्ञान में एक-एक विशेषज्ञ की व्यवस्था की जानी चाहिये।

(ख) 20,000 परिवार एककों से कम वाले केन्द्रों के लिये तथा प्रत्येक 20,000 परिवार एकक अथवा उसके भाग के लिये औषध तथा शिशुरोग विज्ञान में अंशकालिक विशेषज्ञों के सत्रों की संख्या में 2 सत्र प्रति सप्ताह से वृद्धि करके 3 सत्र प्रति सप्ताह कर दिया जाये।

(ग) 20,000 परिवार एकक से कम के लिये तथा प्रत्येक 20,000 परिवार एकक अथवा उसके भाग के लिये चर्म तथा यौन संचरण रोग विशेषज्ञता के लिये विशेषज्ञ केन्द्रों में सेवायें एक सत्र प्रति सप्ताह से बढ़ाकर 2 सत्र प्रति सप्ताह कर दी जाये।

(घ) अंशकालिक विशेषज्ञों का पारिश्रमिक परिशोधित करके एक सप्ताह में एक सत्र के लिये 125/- रुपये प्रति मास से 200/- रुपये प्रति मास किया जाये तथा प्रत्येक अतिरिक्त सत्र के लिये 100/- रुपये दिये जायें जिसकी अधिकतम राशि 1000/- रुपये प्रतिमास हो।

(iii) कर्मचारी राज्य बीमा अनैक्सियों के लिये स्टाफ की व्यवस्था :

प्रत्येक कर्मचारी राज्य बीमा अनैक्सी में एक चिकित्सा अधिकारी तथा न्यूनतम पैरा मैडिकल स्टाफ की व्यवस्था की जाये। प्रत्येक अनैक्सी के साथ एक छोटा मैडिकल स्टोर भी होना चाहिए।

(iv) रात के समय रेडियोलोजी प्रयोगशालायें आदि

जिन कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में प्रयोगशाला एक्सरे विभाग, रक्ताधान विभाग, ई०सी०जी०कक्ष आदि की रात भर सेवायें सुलभ की जा रही हैं उनमें रात्रि ड्यूटी के लिये मानकों से अधिक न्यूनतम पैरा मैडिकल स्टाफ (तकनीशियन/सहायक) दिये जायें।

(v) अंशकालिक कर्मचारी राज्य बीमा औषधालयों की स्थापना नहीं की जानी चाहिये। लगभग 500 बीमाकृत व्यक्ति परिवार एककों के लिये एक छोटा कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय स्थापित किया जाना चाहिए।

10. पर्यावरण प्रदूषण से उत्पन्न बीमारियों के अध्ययन के लिये अनुसंधान कक्ष की स्थापना :

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने स्थायी समिति की इस सिफारिश का अनुमोदन किया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम, निगम के लिये रोचक क्षेत्रों का पता लगाने के लिये भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् का सहयोग प्राप्त करे क्योंकि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अन्तर्गत संस्थान कारसिनोजेन्स, आंख की चोट, रासायनिक चोट आदि पर अनुसंधान करते हैं।

11. सरकारी/अन्य संस्थाओं में आरक्षित बिस्तरों के आरक्षण प्रभार में वृद्धि :

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने स्थायी समिति की इस सिफारिश का अनुमोदन किया कि प्रति गिरे हुए बिस्तर के आरक्षण प्रभार में 25 रुपये प्रतिदिन तक वृद्धि की जाये।

12. नियोजक उपयोजक औषधालयों को विशेष दवाइयों की पूर्ति के लिये मंजूरी :

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने स्थायी समिति की इस सिफारिश का अनुमोदन किया कि उपयोग औषधालय द्वारा विशेष दवाइयों की पूर्ति की राशि प्रति बीमाकृत व्यक्ति परिवार एकक 6 रु० से बढ़ाकर 15 रुपये प्रति वर्ष की जाये ।

13. कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में चोट के मामलों के उपचार की सुविधाओं में वृद्धि :

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने स्थायी समिति की इस सिफारिश का अनुमोदन किया कि प्रत्येक कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल में ऐसे विकलांग विभाग हों जिनमें पूरे उपस्कर उपलब्ध हों और प्रत्येक राज्य में कम से कम एक बड़े कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में जलने के मामलों के उपचार के लिये आधुनिक बर्न यूनिट होने चाहियें ।

14. कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत बीमा चिकित्सा अधिकारियों को कर्मचारी राज्य बीमा विशेष भत्ता 100 रुपये मासिक से बढ़ाकर 200 रुपये मासिक करना तथा कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत रेंटल सर्जन, विशेषज्ञ, कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक तथा प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारियों को कर्मचारी राज्य बीमा विशेष भत्ते की अदायगी :

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने स्थायी समिति की इस सिफारिश का अनुमोदन किया कि कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत बीमा चिकित्सा अधिकारियों, रेंटल सर्जन, विशेषज्ञ, चिकित्सा अधीक्षक तथा प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारियों को दिये जाने वाले कर्मचारी राज्य बीमा भत्ते /विशेष वेतन को 100 रुपये से बढ़ाकर 200 रुपये कर दिया जाये ।

15. औषधियों/टीकों के विपरीत प्रभाव के कारण बीमाकृत व्यक्तियों के परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु की दशा में उसे अनुग्रह राशि की अदायगी :

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने स्थायी समिति की इस सिफारिश का अनुमोदन किया कि औषधियों/टीकों के विपरीत प्रभाव के कारण बीमाकृत व्यक्ति या बीमाकृत व्यक्ति के परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु, विशिष्ट अपंगता, शरीर के किसी अंग अथवा उसके किसी भाग की हानि के लिये 5,000 रुपये तक अनुग्रह राशि की अदायगी की व्यवस्था की जाये। प्रत्येक मामले में अदायगी बीमाकृत व्यक्ति या उसके आश्रित को निगम के परामर्श से राज्य सरकार द्वारा की जायेगी और ऐसे मामलों की रिपोर्ट सालाना स्थायी समिति को की जायेगी ।

16. विभिन्न आकार के कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों आदि के लिए स्टाफ तथा उपस्कर के मानक तथा मानदण्ड में संशोधन :

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने स्थायी समिति की निम्नलिखित सिफारिशों का अनुमोदन किया —

(1) 200 या अधिक बिस्तर वाले कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों के मानकों में एक कल्याण अधिकारी की व्यवस्था की जाये ।

(2) [illegible] 300 बिस्तर वाले कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल में एक सहायक चिकित्सा अधीक्षक तथा 400 बिस्तर वाले अस्पताल में एक उप-चिकित्सा अधीक्षक के पद के लिये व्यवस्था की जाये ।

(3) कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल में सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारियों की अनुमोदित संख्या के अलावा हाउस सर्जन तथा [illegible] की व्यवस्था की जाये ।

(4) मानकों में कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में नर्स हास्टल/डाक्टर हास्टल के लिये हाउस कीपर के पद की व्यवस्था की जाए ।

(5) एक लाख अथवा अधिक कर्मचारियों वाले केन्द्रों पर कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल में शव वाहन की व्यवस्था की जाये वृहत्तर बम्बई तथा वृहत्तर कलकता के मामले में दो वाहनों की व्यवस्था की जाये ।

17. कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत विभिन्न कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में नर्स होस्टल की व्यवस्था :

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने स्थायी समिति की इस सिफारिश का अनुमोदन किया कि सभी कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में नर्स हास्टल के लिये आवश्यक स्टाफ की व्यवस्था की जाये ।

18. कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में पुस्तकालयों के लिये चिकित्सा पुस्तकों तथा पत्रिकाओं को खरीदने के लिए व्यय की सीमा को बढ़ाना :

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने स्थायी समिति की इस सिफारिश का अनुमोदन किया कि एक नये कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल के पुस्तकालय में चिकित्सा पुस्तकों तथा पत्रिकाओं के लिये शुरु में 15,000 रुपये की राशि की व्यवस्था की जाये । इसके बाद पुस्तकों तथा पत्रिकाओं के लिये प्रति वर्ष निधियों का आवंटन निम्न प्रकार किया जायें :—

| | |
|---|---|
| (1) 50 बिस्तर वाले अस्पताल | 2000/- रुपये |
| (2) 100 से 250 बिस्तर वाले अस्पताल | 4000/- रुपये |
| (3) 300 या अधिक बिस्तर वाले अस्पताल | 10,000/- रुपये |

19. सुदूर क्षेत्रों में स्थित एक डाक्टर वाले कर्मचारी राज्य बीमा औषधालयों के मानकों में संशोधन :

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने स्थायी समिति की इस सिफारिश का अनुमोदन किया कि किसी केन्द्र पर केवल एक डाक्टर वाला एक ही कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय होने की स्थिति में वहां एक और डाक्टर की व्यवस्था की जाये ताकि एक डाक्टर के किसी भी कारण से अनुपस्थिति होने की दशा में औषधालय के कार्यचालन में कोई बाधा न आये। निगम ने यह भी अनुमोदन किया कि केन्द्र के आकार तथा क्षेत्र पर निर्भर करते हुए औषधालय के कार्य के घंटों के बाद एक या अधिक औषधालयों में आपातकालीन सेवायें उपलब्ध कराई जायें और ऐसे प्रत्येक औषधालय में एक चिकित्सा अधिकारी, औषधकारक तथा एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की व्यवस्था की जाये ।

20. निगम ने 31 मार्च, 1974 की स्थिति के अनुसार निगम की परिसम्पत्तियों तथा देयताओं के 5वें पंचवार्षिक मूल्यांकन पर मूल्यांकक की रिपोर्ट में की गई सामान्य सिफारिशों पर विचार करने के लिये नियुक्त की गई कर्मचारी राज्य बीमा निगम की उप-समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया। इसने विशेष तौर पर अपंगता तथा आश्रित जन हितलाभ के संबंध में निम्नलिखित वृद्धि करने का निर्णय किया :

(i) अपंगता तथा आश्रितजन हितलाभ की दर में मानक हितलाभ दर की 125 प्रतिशत से 140 प्रतिशत तक की वृद्धि 1-1-81 से की जाये । वृद्धि 1-1-81 या इसके बाद होने वाली दुर्घटना के मामलों में लागू होगी ।

(ii) स्थायी अपंगता हितलाभ तथा आश्रितजन हितलाभ के सभी मौजूदा मामलों में जिनमें दुर्घटना 31-3-78 या इससे पहले हुई हो, राशि में निम्नलिखित वृद्धि कर दी जाये :

| | | |
|---|---|---|
| (क) | 31-3-75 या इससे पहले हुई अपंगता या मृत्यु के मामलों में । | मूल राशि का 20% (1-10-77 से पहले स्वीकृत वृद्धि के अलावा) |
| (ख) | 1-4-75 और 31-3-78 के बीच हुई अपंगता या मृत्यु के मामलों में । | मूल राशि का 15% |

7 फरवरी 1981 :

1 बीमाकृत व्यक्तियो तथा उनके परिवारो के स्वास्थ्य मे सुधार तथा कल्याण के साधनो मे वृद्धि के लिये क०रा०बी० निगम ने अवकाश तथा विश्राम गृह बनाने का निर्णय किया जहां बीमाकृत कामगार छुटिट्यो में कम खर्च पर स्वस्थ वातावरण मे अपनी छुट्टियां बिताने के लिये जा सके ।

2 निगम ने कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम 103-क के अंतर्गत नाहकदारी कार्यविधि पर विचार करने के लिये स्थायी समिति द्वारा दिनांक 24-2-79 को सम्पन्न अपनी बैठक में नियुक्त की गई उप-समिति की रिपोर्ट को स्वीकार किया तथा उप-समिति द्वारा की गई निम्नलिखित आठ सिफारिशो का अनुमोदन किया --

(1) विनियम 103-क के अंतर्गत बीमाकृत व्यक्तियो की नाहकदारी के सबध मे मौजूदा कार्यविधि पर्याप्त रूप मे बीमाकृत व्यक्तियो/बीमा चिकित्सा व्यवसायियो के हित की सुरक्षा करती है और सामाजिक बीमे के मूलभूत सिद्धान्त के अनुरूप है ।

(2) बीमा चिकित्सा व्यवसायी खाली एसिक-37 तथा एसिक-166 अपने पास रखे ताकि निवास स्थान से कारखाने दूर स्थित होने के मामले में बीमाकृत व्यक्ति/उसके परिवार के सदस्यो को असुविधा न हो ।

(3) एसिक-166 के आधार पर बीमा चिकित्सा व्यवसायी के प्रति व्यक्ति फीस का पात्र बनने की कार्यविधि राज्य सरकार को स्पष्ट कर देनी चाहिये ताकि प्रति व्यक्ति अदायगी के सम्बन्ध मे बीमा चिकित्सा व्यवसयी के हित की सुरक्षा हो सके ।

(4) बीमा चिकित्सा व्यवसायियो से प्राप्त एसिक-166 तथा एसिक-37 एक अग्रेषण पत्र के साथ दो प्रतियो मे प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारी को भेज देना चाहिये जिसे उसकी प्राप्ति सूचना देनी चाहिए ताकि बीमा चिकित्सा व्यवसायी को प्रतिव्यक्ति फीस की कोई हानि न हो ।

(5) कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम 1950 के विनियम 26 मे संशोधन किया जाना चाहिये जिसमे एक बीमाकृत व्यक्ति के त्यागपत्र, सेवानिवृत्ति/सेवा से निष्कासन या 1000/ रूपये प्रति माह से वेतन होने पर बीमाकृत व्यक्ति न रहने की स्थिति मे 28 दिन के अन्दर सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय को बीमाकृत व्यक्ति का अशदान कार्ड प्रस्तुत करने की व्यवस्था हो ।

(6) निष्कासन सूची औषधालय-वार तैयार की जानी चाहिये ।

(7) बीमा चिकित्सा अधिकारियो/बीमा चिकित्सा व्यवसायो को कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सा नियम पुस्तक (द्वितीय सस्करण) के पैरा 113 मे निर्धारित रूप मे बीमाकृत व्यक्ति का एक रजिस्टर रखना चाहिये ।

(8) पुन प्रविष्टि के ऐसे मामलो मे जहां बीमाकृत व्यक्ति वास्तव मे चिकित्सा हितलाभ के हकदार थे तथा बीमा चिकित्सा व्यवसायियो की चालू सूचियो मे शामिल होने चाहिये थे, उनके सबध मे सबधित बीमा चिकित्सा व्यवसायियो को पिछली तारीख यानी ऐसे बीमाकृत व्यक्तियो को चिकित्सा हितलाभ से वंचित किये जाने की तारीख से प्रति व्यक्ति फीस को अदायगी की जाये ।

3 निगम ने स्थायी समिति द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार बीमा चिकित्सा व्यवसायियो के कार्य तथा उनकी शिकायतो का गहराई से अध्ययन करने के लिये गठित उप-समिति की रिपोर्ट को स्वीकार किया ।

4 निगम ने मध्य प्रदेश मे कर्मचारी राज्य बीमा योजना के कार्यचालन पर सामान्य प्रयोजन उप-समिति की रिपोर्ट को स्वीकार किया ।

5. निगम ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम के ऐसे सदस्यो को स्थायी समिति की बैठक मे आमंत्रित करने से सबधित प्रस्ताव का अनुमोदन किया जो स्थायी समिति के सदस्य नहीं हैं ।

## परिशिष्ट 5

### 1980–81 वर्ष के दौरान कर्मचारी राज्य बीमा निगम की स्थायी समिति द्वारा किए गए महत्वपूर्ण निर्णय

28 अगस्त, 1980 .

स्थायी समिति ने न्यू इंडिया एशोरेंस कम्पनी से प्राप्त खजान्चियो तथा उनके रक्षक के लिए वैयक्तिक दुर्घटना बीमा कवर के सबध मे प्रीमियम की अदायगी पर व्यय का अनुमोदन किया ।

13 दिसम्बर, 1980 :

स्थायी समिति ने आकस्मिक छुट्टी अथवा विशेष आकस्मिक छुट्टी पर क्षेत्रीय कार्यालय मे खजाची की अनुपस्थिति के दौरान नकदी सभालने के कार्य पर लगाए गए कर्मचारियो को 2 रूपये प्रतिदिन की दर से तीसरे दिन से अधिकतम 8 दिन की अवधि तक मानदेय की अदायगी से सबधित प्रस्ताव का अनुमोदन किया जो तीसरे दिन से चालू होगी ।

6 फरवरी, 1981

स्थायी समिति ने कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 19 के विनियम 31-क के अन्तर्गत ब्याज गणना की कार्यविधि का अनुमो किया ।

## अनुबन्ध 6

### 1980-81 वर्ष के दौरान चिकित्सा हितलाभ परिषद की महत्वपूर्ण सिफारिशें

5.10 1980 को जयपुर में .

1. चिकित्सा हितलाभ परिषद ने सिफारिश की कि प्रत्येक अस्पताल मे पूर्ण उपस्कर युक्त विकलांग विभाग होना चाहिए और प्रत्येक राज्य में कम से कम एक बड़े अस्पताल मे पूर्ण उपस्कर युक्त भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विभाग होना चाहिए । परिषद ने यह भी सिफारिश की कि बड़े कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल मे 'जले के लिए एकक" भी होना चाहिए ।

2 चिकित्सा हितलाभ परिषद ने सिफारिश कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा बीमा चिकित्सा अधिकारियो को दिया जाने वाला कर्मचारी राज्य बीमा विशेष भत्ता 100 रुपये प्रतिमास से बढ़ाकर 200/ रूपये प्रतिमास किया जाए तथा कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत डेंटल सर्जन, विशेषज्ञ, चिकित्सा अधीक्षक, कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारी तथा निदेशकों आदि को भी उक्त भत्ते की अदायगी की जानी चाहिए ।

3 चिकित्सा हितलाभ परिषद ने सिफारिश की कि औषधियो/टीके की विपरीत प्रतिक्रिया के कारण किसी बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु, विशिष्ट अपगता, शरीर के किसी अग अथवा उसके किसी भाग की हानि के लिए 5,000 रूपये तक की अनुग्रह अदायगी के लिए भी व्यवस्था की जाए ।

4 चिकित्सा हितलाभ परिषद ने सिफारिश की कि विभिन्न आकार के अस्पतालो आदि के लिए स्टाफ तथा उपस्कर के मानक तथा मान दण्ड मे निम्नलिखित संशोधन किया जाए--

(क) 200 अथवा इससे अधिक बिस्तरो वाले कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालो मे एक कल्याण अधिकारी के पद के लिए मानको में व्यवस्था की जाए ।

(ख) 300 बिस्तर वाले कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल में एक सहायक चिकित्सा अधीक्षक तथा 400 बिस्तर वाले अस्पताल मे एक उप चिकित्सा अधीक्षक के पद के लि मानकों में व्यवस्था की जाए ।

(ग) सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारियों की अनुमोदित संख्या के अलावा कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल में हाउस सर्जन और रजिस्ट्रारों की व्यवस्था की जानी चाहिए ।

(घ) कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में नर्स होस्टल/डाक्टर होस्टल के लिए गृहपाल पद के लिए मानकों में व्यवस्था की जानी चाहिए ।

(ङ) एक लाख अथवा इससे अधिक कर्मचारियों वाले केन्द्रों में कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल में एक शव गाड़ी/शवयान की व्यवस्था की जाए । बृहत्तर बम्बई तथा बृहत्तर कलकत्ता के मामले में दो गाड़ियों की व्यवस्था की जाए ।

5. चिकित्सा हितलाभ परिषद ने सिफारिश की कि सभी कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में नर्स होस्टल के लिए आवश्यक स्टाफ की व्यवस्था की जानी चाहिए ।

6. चिकित्सा हितलाभ परिषद ने सिफारिश की कि कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों के पुस्तकालय के लिए चिकित्सा पुस्तकों और पत्रिकाओं के लिए आरम्भ मे 15,000 रुपये की राशि की व्यवस्था की जाए । बाद मे पुस्तको तथा पत्रिकाओं के लिए प्रत्येक वर्ष निम्नलिखित रूप में निधियों का आवंटन किया जाए :—

1. 50 बिस्तर वाले अस्पताल 2,000 रुपये
2. 100 से 250 बिस्तर वाले अस्पताल 4,000 रुपये
3. 300 और इससे अधिक बिस्तर वाले अस्पताल 10,000 रुपये

7. चिकित्सा हितलाभ परिषद ने सिफारिश की कि यदि किसी विशेष केन्द्र पर केवल एक कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय है और उसमें भी केवल एक डाक्टर है तो एक अतिरिक्त डाक्टर की व्यवस्था की जाए ताकि किसी कारणवश किसी एक डाक्टर के अनुपस्थित रहने पर भी औषधालय के कार्य में बाधा न आए ।

8. चिकित्सा हितलाभ परिषद ने सिफारिश की कि औषधालय के कार्य समय के बाद केन्द्र के आकार और क्षेत्र के आधार पर एक अथवा एक से अधिक औषधालयों में आपात सेवाएं सुलभ की जाएं और ऐसे प्रत्येक औषधालय के लिए एक चिकित्सा अधिकारी, एक औषधकारक तथा एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की व्यवस्था की जाए ।

**परिशिष्ट 7**

**भाग-1**

31 मार्च, 1981 को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के कर्मचारी वर्ग की संख्या

| क्र०सं० | पदनाम | मुख्या-लय | आन्ध्र प्रदेश | | असम | | बिहार | | दिल्ली | | गुजरात | | तमिलनाडु | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | क्षे० का० | स्था० का० | क्षे० का० | स्था० का० | क्षे० का० | स्था० का० | क्षे० का० | स्था० का० | क्षे० का० | स्था० का० | क्षे० का० | स्था० का० |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1. | महानिदेशक | 1 | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | — | -- | — | -- | -- |
| 2. | बीमा आयुक्त | 1 | -- | — | -- | -- | -- | -- | -- | -- | — | -- | — | — |
| 3. | वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी | 1 | — | — | -- | -- | — | — | — | — | — | — | — | — |
| 4. | चिकित्सा आयुक्त | 1 | — | -- | — | — | -- | — | — | — | -- | -- | — | — |
| 5. | बीमांकक | 1 | -- | -- | -- | — | — | — | — | -- | -- | — | — | — |
| 6. | निदेशक (प्रशासन) | 1 | — | -- | -- | — | — | — | -- | — | — | -- | -- | |
| 7. | क्षेत्रीय उप चिकित्सा आयुक्त | 1 | -- | -- | -- | — | -- | -- | -- | — | — | -- | -- | — |
| 8. | संयुक्त बीमा आयुक्त/क्षेत्रीय निदेशक ग्रेड-I | 2 | — | — | — | — | — | — | — | — | 1 | — | 1 | — |
| 9. | निदेशक (संगठन एवं पद्धति)/क्षे०नि० ग्रेड-2/नि० (यो० एवं वि०)/निदेशक (सतर्कता)/निदेशक (जनसंपर्क) | 4 | 1 | -- | — | — | — | -- | 1 | — | — | - | - | — |
| 10. | प्रशासन अधिकारी/उप बीमा आयुक्त/क्षेत्रीय निदेशक ग्रेड-3/उप मुख्य लेखा अधिकारी/संयुक्त क्षेत्रीय निदेशक/सतर्कता अधिकारी/सहायक बीमांकक | 11 | — | — | — | — | 1 | — | 1* | — | -- | -- | 1 | — |
| 11. | उप-चिकित्सा आयुक्त/चिकित्सा निदेशी | 4 | 1 | — | — | — | 1 | — | 2 | — | 6 | — | 4 | — |
| 12. | क्षे०नि०ग्रेड-4/लेखा अधिकारी/उप क्षेत्रीय निदेशक/सहायक निदेशक (योजना एवं विकास) | 10 | 4 | — | 1 | — | 2 | — | 5 | — | 8 | — | 7 | — |

| केरल | | मध्य प्रदेश | | महाराष्ट्र | | उड़ीसा | | हरियाणा/पंजाब | | राजस्थान | | कर्नाटक | | उत्तर प्रदेश | | पश्चिमी बंगाल | | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्षे० का० | स्था० का० | क्षे० का० | स्था० का० | क्षे० का० | स्था० का० | क्षे० का० | स्था० का० | क्षे० का० | स्था० का० | क्षे० का० | स्था० का | क्षे० का० | स्था० का० | क्षे० का० | स्था० का० | क्षेत्र का० | स्था० का० | |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | 32 | 33 | 34 |
| — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | 1 |
| — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | 1 |
| — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | 1 |
| — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | 1 |
| — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | 1 |
| — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | 1 |
